वर्ष 24, अंक 203, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 1 फरवरी 2025 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'ये हमारे लिए सम्मान की बात', सुनेत्रा पवार के डिप्टी सीएम बनने पर शरद पवार गुट की प्रतिक्रिया




**महाराष्ट्र**
**एनसीपी** के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम पद की शपथ ले ली है. शनिवार को एनसीपी की बैठक में सुनेत्रा पवार को एनसीपी का विधायक दल का नेता चुना गया था. अजित पवार के प्लेन क्रैश हादसे में निधन के बाद अब सुनेत्रा पवार को डिप्टी सीएम बनाया गया है.

अजित पवार के निधन से बारामती के लोगों में शोक का माहौल है. इसी कारण सुनेत्रा पवार राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विधायक दल की प्रमुख चुनी जाएंगी. इसके बाद उन्होंने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली है.

मुंबई में एनसीपी विधायकों की बैठक

इससे पहे एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, सांसद प्रफुल पटेल, छगन भुजबल और धनंजय मुंडे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की. विचार-विमर्श के बाद, एनसीपी के शीर्ष नेताओं ने आज दोपहर विधायकों की बैठक बुलाई है.

कैसा रहा है सुनेत्रा पवार की राजनीतिक सफर

बता दें कि बारामती के पवार परिवार की बहू सुनेत्रा पवार बारामती लोकसभा चुनाव लड़ने से पहले सामाजिक कार्यों में सक्रिय थीं. उन्होंने 2024 के बारामती लोकसभा चुनाव में सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. इसके बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजा ।

## 'अजित दादा पवार के सपनों...', सुनेत्रा पवार ने ली महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम की शपथ तो पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (31 जनवरी, 2026) को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई दी है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में अपना कार्यकाल शुरू करने पर सुनेत्रा पवार जी को हार्दिक शुभकामनाएं.

पीएम मोदी ने एक्स पर शेयर किया पोस्ट

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किए गए एक पोस्ट में लिखा, ह्यसुनेत्रा पवार जी इस पद की जिम्मेदारी संभालने वाली पहली महिला हैं. मुझे पूरा विश्वास है कि वह राज्य की जनता के कल्याण के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी और दिवंगत अजितदादा पवार के विजन को साकार करेंगी.ह्ल

लोकभवन में गूंजे ह्यअजित पवार अमर रहेह्ल के नारे

महाराष्ट्र के लोकभवन में जब एनसीपी के दिवंगत नेता और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने नई उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण किया. इसके तुरंत बाद ही लोकभवन में अजित पवार अमर रहे और अजित दादा अमर रहे के नारे लगने लगे. सुनेत्रा पवार के शपथ लेने के बाद राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया.



अजित पवार के प्लेन क्रैश में निधन के बाद ठउढ ने चुना पार्टी का नेता

दरअसल, महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बुधवार (28 जनवरी, 2026) को राज्य के बारामती जिले में एक प्लेन क्रैश में निधन हो गया. अजित पवार के प्लेन हादसे में मौत के बाद पार्टी और राज्य में शोक का मौहाल है. इस बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने शनिवार (31 जनवरी, 2026) को विधायक दल की बैठक की. बैठक में एनसीपी के दिवंगत नेता अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को विधायक दल का प्रमुख चुना गया. जिसके बाद महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने लोकभवन में सुनेत्रा पवार को राज्य के प्रथम महिला उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण कराया।

## 'मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा हुआ है?', कोलकाता फैक्ट्री अग्निकांड पर अमित शाह का ममता बनर्जी पर निशाना

**कोलकाता**
**अमित** शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर जमकर निशाना साथा है. उन्होंने शनिवार को कोलकाता के पास आनंदपुर के गोदामों में लगी आग को लेकर टीएमसी सरकार की आलोचना करते हुए, इसे भ्रष्टाचार का नतीजा करार दिया है. साथ ही घटना की जांच की मांग की है. उन्होंने परगना के बीजेपी कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा कि इस घटना ने राज्य शासन और प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं.



गृहमंत्री अमित शाह ने दी मृतकों को श्रद्धांजलि

गृहमंत्री अमित शाह ने मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आनंदपुर गोदाम में और मोमो फैक्ट्री में लगी आग में जान गंवाने वाले सभी मजदूरों को श्रद्धांजलि. यह कोई दुर्घटना नहीं थी. ममता बनर्जी सरकार का भ्रष्टाचार इसका कारण है. मोमो फैक्ट्री में किसका पैसा लगा है? मोमो फैक्ट्री का मालिक किसके साथ विदेश भागा है. मालिक को गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया?

घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली ममता सरकार की विदाई तय है। बैरकपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन से लाइव

इसके अलावा उन्होंने सरकार के रवैये पर भी सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि आग की घटना चिल्ला-चिल्लाकर कह रही है कि आग के पीछे आपकी पार्टी का भ्रष्टाचार है. 32 घंटे में आपके मंत्री मौके पर पहुंचे. मजदूर अंदर चिल्ला रहे थे. आप चुप थे. शाह ने मांग की कि मुख्यमंत्री आग की पूरी जांच का आदेश दें. साथ ही दोषियों को सजा दी जाए.

आगजनी की घटना में अबतक 21 लोगों की मौत

शनिवार को आनंदपुर इलाके में एक डेकोरेटर के गोदाम आग लगी, जो तेजी से Wow! Momo द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले पास के गोदाम में फैल गई. आग लगने के समय मजदूर सो रहे थे. समय पर बाहर नहीं निकल पाए. मरने वालों की संख्या 21 हो गई है. अधिकारियों की मानें तो तलाशी के साथ ही संख्या भी बढ़ सकती है. पीड़ितों की पहचान के लिए पुलिस ने 16 उ्रऋअ सैंपल लिए हैं. कई मजदूर परिवारों ने लापता व्यक्तियों की रिपोर्ट दर्ज कराई है. अब स्थानीय प्रशासन पूरी घटना की जांच में जुट गया है.

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का 9वां बजटः

**नई दिल्ली**
**केंद्रीय** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को संसद में अपना लगातार नौवां केंद्रीय बजट 2026 पेश करेंगी, जो रविवार को सुबह 11:00 बजे पेश होने का एक ऐतिहासिक उदाहरण है। बजट भाषण रविवार को आयोजित किया जाएगा, जो 2017 से चली आ रही परंपरा का पालन करता है और इसे 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के अनुरूप बनाया गया है। 1999 में औपनिवेशिक काल के दौरान शाम 5:00 बजे के बजाय इस समय को स्थानांतरित करने से बाजार की जरूरतों के अनुरूप बजट पेश किया जा सकेगा और मार्च के अंत तक संसद द्वारा इसे मंजूरी मिल जाएगी। संसद का बजट सत्र 28 जनवरी (बुधवार) को शुरू हुआ, और आर्थिक सर्वेक्षण 29 जनवरी (गुरुवार) को पेश किया गया।

निर्मला सीतारमण अपना लगातार 9वां बजट पेश कर एक नया रिकॉर्ड बनाने जा रही हैं। इस बार सभी की निगाहें बहुप्रतीक्षित सीमा शुल्क सुधारों पर टिकी होंगी। सीतारमण ने 2019 में अपने पहले बजट में दशकों से चले आ रहे चमड़े के ब्रीफकेस की जगह लाल कपड़े में लिपटे पारंपरिक बही-खाता का अनुकरण किया था। पिछले चार वर्षों की तरह इस साल का बजट भी कागज रहित रूप में पेश किया जाएगा। आम बजट 2025-26 के वे प्रमुख आंकड़े जिन पर नजर रखना जरूरी हैः राजकोषीय घाटाः सरकार के कुल खर्च और आय के बीच का अंतर राजकोषीय घाटा कहलाता है। चालू वित्त वर्ष (2025-26) के लिए इसके जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया गया है।

बजट में 4.5 प्रतिशत से नीचे का लक्ष्य हासिल करने के बाद, बाजार अब कर्ज-जीडीपी अनुपात में कमी की दिशा में आगे बढ़ने के लिए सटीक आंकड़ों का इंतजार कर रहा है। उम्मीद है कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 के लिए चार प्रतिशत के राजकोषीय घाटे की घोषणा कर सकती है। पूंजीगत व्ययः चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का नियोजित पूंजीगत व्यय 11.2 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। निजी क्षेत्र के निवेशकों की सावधानी को देखते हुए, सरकार आगामी बजट में बुनियादी ढांचे पर खर्च को बनाए रख सकती है और इसमें 10-15 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है। यह राशि 12 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है। कर्ज की रूपरेखाः वित्त मंत्री ने 2024-25 के बजट भाषण में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 से राजकोषीय नीति का प्रयास केंद्र सरकार के कर्ज को जीडीपी के प्रतिशत के रूप में कम करने का होगा। बाजार यह देखना चाहेगा कि सरकार कर्ज-जीडीपी अनुपात को कब तक 60 प्रतिशत के लक्ष्य तक लाने की बात कहती है।



## अरब विदेश मंत्रियों से पीएम मोदी ने की मुलाकात, संबंधों और सहयोग बढ़ाने पर दिया जोर

**नई दिल्ली**
**भारत-अरब** विदेश मंत्रियों की मीटिंग के दूसरे राउंड में शामिल होने वाले विदेश मंत्रियों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की. वह सभी से शनिवार को भारत मंडपम में मिले. पीएम मोदी ने भारत और अरब दुनिया के बीच गहरे और ऐतिहासिक लोगों के बीच संबंधों पर जोर दिया.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरब देशों के विदेश मंत्रियों, लीग ऑफ अरब स्टेट्स (एलएएस) के सेक्रेटरी जनरल और अरब देशों के प्रमुखों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की. अरब लीग के प्रमुख दूसरी भारत-अरब विदेश मंत्रियों की मीटिंग में शामिल होने के लिए भारत आए हैं. दूसरे आईएएफएमएम में पीएम मोदी ने व्यापार और निवेश, ऊर्जा, तकनीक, स्वास्थ्य और दूसरे क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के लोगों के लिए भारत के लगातार समर्थन को दोहराया और गाजा शांति योजना समेत चल रहे।

## अयोध्याः सीएम योगी के समर्थन में छोड़ा था पद

### अब GST डिप्टी कमिश्नर ने वापस लिया इस्तीफा

**अयोध्या**
**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समर्थन में इस्तीफा देने वाले अयोध्या के जीएसटी डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है. इसके बाद उन्होंने पुनः ज्वाइन किया. 27 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समर्थन में उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था.

27 जनवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के द्वारा की जा रही अभद्र टिप्पणी को लेकर आहत होने के बाद इस्तीफा दिया था. इस दौरान ड्यूटी ज्वाइन करने के बाद मीडिया से दूरी बनाते दिखे. लेकिन उन्होंने अपने भाई को लेकर बड़ा खुलासा किया है. उन्होंने कहा कि मेरे भाई संबंध मुख्तार अंसारी गैंग से है.



भाई के द्वारा लगाए गए आरोपों पर क्या बोले प्रशांत कुमार

प्रशांत कुमार ने अपने भाई द्वारा लगाए आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी है. इस बीच उन्होंने कहा कि जो भी आरोप लगाया जा रहा है अब उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. साथ ही सीएमओ से जवाब तलब किया जाना चाहिए. उन्होंने कहा कि बिना सोचे समझे आरोप लगाया जा रहा है.

प्रशांत कुमार का इस्तीफा बरेली के पीसीएस अलंकार अग्निहोत्री के यूजीसी के नियमों को लेकर दिए इस्तीफे के बाद आया. उनके इस्तीफे ने सभी का ध्यान खींचा, लेकिन प्रशांत कुमार के भाई ने उनके खिलाफ गंभीर आरोप लगाकर मामले में नया ट्विस्ट पैदा कर दिया था.

भाई ने लगाया था फर्जी तरीके से नौकरी लेने का आरोप

प्रशांत कुमार के भाई ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रशांत सिंह जांच और रिकवरी से बचने के लिए इस्तीफे का नाटक किया. प्रशांत के भाई ने यह भी बताया था कि उन्होंने आंख की ऐसी बीमारी बताई जो 50 साल से कम उम्र में पूरी दुनिया में किसी को नहीं होती है.

इस बीच प्रशांत के भाई ने सीएम योगी से जांच पूरी कराने की अपील भी की थी।

## यूपी पुलिस के हाफ एनकाउंटर पर हाईकोर्ट की सख्त टिप्पणी

**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर प्रदेश** की पुलिस के हाफ एनकाउंटर पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी के बाद समाजवादी पार्टी ने भी योगी सरकार और पुलिस के तौरतरीकों पर सवाल उठाया है. सपा नेता उदयवीर सिंह कहा, ह्लहर व्यक्ति को समझ आता है कि हर बार अपराधी पुलिस का हथियार छिनता है, भागने की कोशिश करता है और मारा जाता है. ये कहानियां जनता जान रही है. जब तथ्य सामने आएंगे तब बड़ी संख्या में हत्या करने वाले, लोगों को अपाहिज करने वालों को जेल जाना पड़ेगा. सजा देने का काम अदालतों का है. योगी और उनकी पुलिस सोचते हैं कि वे सारे निर्णय ले लेंगे तो फिर लोकतंत्र में नयायपालिका की क्या जरूरत.



सपा नेता ने पुलिस के एनकाउंटर पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार और पुलिस का पक्ष रखने के लिए कोर्ट में सरकारी वकील होते हैं, जिस कारण कई तथ्य छिपा लिए जाते हैं. अगर सही से जांच हो तो पुलिस के कई अधिकारी जेल में होंगे. उन्होंने कहा कि जिसमें अपराध किया है उसको सजा देने का काम अदालतों का है.

हाईकोर्ट ने क्या कहा ?

बता दें कि इलाहबाद हाई कोर्ट ने एक सुनवाई में यह कहा कि उसके सामने अक्सर ऐसे मामले आते हैं।

## प्रयागराज में शय्या दान का महत्व, किसे मिलता है यह दान?

**प्रयागराज**
**प्रयागराज** के त्रिवेणी संगम में लगने वाला माघ मास मेला हिंदू धर्म में काफी महत्व रखता है. मान्यताओं के मुताबिक, पुण्य प्रदायिनी मां गंगा, पापनाशिनी मां यमुना और बुद्धिदायिनी मां सरस्वती के पावन संगम पर माघ मास के दौरान सभी देवी-देवता निवास करते हैं.

जिस वजह से इस क्षेत्र में पूरे एक महीने तक नियम अनुशासन के साथ दान, पवित्र स्नान, पूजा, हवन, जप-तप, व्रत, यज्ञ, हवन और धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है. कल्पवास के दौरान किए जाने वाले दान में शय्या दान के बारे में बहुत कम लोग ही जानते हैं. आइए जानते हैं इसके बारे में.

प्रयाग माघ माह में कितने तरह का दान किया जाता है?

हिंदू मान्यताओं के मुताबिक, किसी भी तीर्थ स्थान पर दान का महत्व काफी ज्यादा होता है, लेकिन यही दान तीर्थों के राजा कहे जाने वाले प्रयागराज में माघ मास के दौरान किया जाए तो उसका धार्मिक महत्व कई गुना बढ़ जाता है.

जानें माने ज्योतिष के जानकार और पाल बालाजी के परम भक्त पंडित अनीष व्यास के मुताबिक, तीर्थों में कल्पवास के दौरान किया गया दान कई हजार गुना अधिक फल प्रदान करता है. प्रयागराज में कल्पवास के दौरान सामान्य रूप से 10 तरह के दान किए जाते हैं. इनमें गाय, घी, तिल, सोना, भूमि, वस्त्र, अन्न, गुड़, चांदी और नमक का दान है. इसके अलावा प्रयागराज में वेणी दान, गुप्त दान के साथ शय्या दान का भी विशेष महत्व होता है.

शय्या दान कौन करता हैं?

हिंदू परंपराओं में शय्या दान का विशेष महत्व होता है. यह दान किसी व्यक्ति के मृत्यु के बाद या फिर 12 साल के कल्पवास पूरे होने के बाद किया जाता है. इन दोनों जगहों पर किये जाने वाले शय्या दान के पीछे मोक्ष की कामना निहित है. माना जाता है कि, कल्पवास के दौरान जाने-अनजानें में जो भी गलती होती है, उसका पश्चताप भी हो जाता है. हिंदू धर्म में दान तमाम तरह के दुखों और दोष दूर करने का माध्यम है.



शय्या दान किसे दिया जाता है?

सनातन धर्म में अलग-अलग तरह के दान के लिए समाज में अलग-अलग लोग इसके अधिकारी बनाए गए हैं. जैसे मृत्यु के बाद दिए जाने वाले शय्या दान का अधिकारी महापात्र होता है, इसी तरह किसी भी तीर्थ स्थान पर दिए जाने वाले दान वहां के तीर्थ पुरोहित के हक में जाता है. संगम नगरी प्रयागराज में किए जाने वाले शय्या दान के अधिकारी वहां के रहने वाले लोग ही होते हैं।

## माघ पूर्णिमा पर दुर्लभ संयोग, शनि, राहु-केतु की महादशा से बचाएगा इन चीजों का दान

माघ पूर्णिमा 1 फरवरी 2026 को है. ये दिन बहुत शुभ होता है, ऐसे में शनि, राहु-केतु की महादशा से बचने के लिए इस दिन कौन सी चीजों का दान करना चाहिए आइए जानते हैं.

माघ पूर्णिमा 2025

**1- माघ** महीने की पूर्णिमा बहुत पुण्यदायी होती है, मान्यता है कि इस दिन किया गया गंगा स्नान पूरे माघ महीने में स्नान करने के समान फल देता है. कहते हैं इस दिन देवता गण धरती पर आते हैं और विष्णु जी जल में निवास करते हैं. स्नान-दान से सुख-सौभाग्य आता है.

माघ महीने की पूर्णिमा बहुत पुण्यदायी होती है, मान्यता है कि इस दिन किया गया गंगा स्नान पूरे माघ महीने में स्नान करने के समान फल देता है. कहते हैं इस दिन देवता गण धरती पर आते हैं और विष्णु जी जल में निवास करते हैं. स्नान-दान से सुख-सौभाग्य आता है.

**2- माघ** पूर्णिमा 1 फरवरी को है.कुंडली में शनि की महादशा चल रही है तो ऐसे में काले तिल, सरसों का तेल, काले रंग के कपड़े का दान करें. मान्यता है इन चीजों के दान से शनि शांत होते हैं और कार्य में आ रही बाधाओं का नाश होता है.माघ पूर्णिमा 1 फरवरी को है.कुंडली में शनि की महादशा चल रही है तो ऐसे में काले तिल, सरसों का तेल, काले रंग के कपड़े का दान करें. मान्यता है इन चीजों के दान से शनि शांत होते हैं और कार्य में आ रही बाधाओं का नाश होता है.

**3- राहु** के कारण पढ़ाई में दिक्कत आ रही है, नौकरी में सफलता नहीं मिल रही रिश्तों में दरार हैं तो माघ पूर्णिमा के दिन कुत्तों और चींटियों को आटा-गुड़ खिलाना, कंबल का दान करें.

राहु के कारण पढ़ाई में दिक्कत आ रही है, नौकरी में सफलता नहीं मिल रही रिश्तों में दरार हैं तो माघ पूर्णिमा के दिन कुत्तों और चींटियों को आटा-गुड़ खिलाना, कंबल का दान करें।

# विद्यालय प्रबंध समिति के उन्मुखीकरण की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित



**करछना।** विद्यालय प्रबंध समिति के उन्मुखीकरण की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को विकास खंड कौंधियारा के अंतर्गत अकोढ़ा गाँव में सम्पन्न हुआ। खण्ड शिक्षा अधिकारी कौंधियारा अरुण कुमार अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज अनिल कुमार ने आये सभी शिक्षकों को कर्तव्य बोध कराया और सभी बच्चों को समानता के साथ शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बेसिक शिक्षा में हो रहे निरंतर प्रगति की तारीफ की एवं अध्यापकों के प्रयास को भी सराहा।

संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अरुण कुमार अवस्थी ने कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों, योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म,बैग एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में प्रेषित किए जाने व ऑपरेशन कायाकल्प एवं निपुण भारत अभियान के प्रति जागरूक करना है। प्रदेश सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना डीबीटी,निपुण आदि पर लघु नाटक पर अपनी प्रस्तुति दी तो आए हुए अतिथियो ने आगे बढ़कर तालियों के माध्यम से छात्रों का उत्साह वर्धन किया साथ ही विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों के दस छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन एआरपी नीरज मिश्र व शत्रुध्न शुक्ल ने किया। इस दैरान महेश चंद्र शुक्ल, अनित मिश्र, राहुल तिवारी, अनिमेष श्रीवास्तव, हेमंत त्रिपाठी, सहित विभिन्न गाँवों के प्रधान, प्रधानाध्यापक, अनुदेशक, शिक्षामित्र एवं अनुचर उपस्थित रहे।

## रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 2 फरवरी को होगा सम्पन्न



**मांडा।** क्षेत्र के अभिराजी विहार इंटर कॉलेज मांडाखास में कक्षा 12 की रसायन विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा 2 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने परीक्षा के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने बताया कि प्रयागराज मंडल के सभी कॉलेजों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं 9 फरवरी तक संपन्न हो जाएंगी। हालांकि, अभी तक जीव विज्ञान और भौतिक विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां निश्चित नहीं की गई हैं। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे 2 फरवरी को सुबह 9 बजे अनिवार्य रूप से कॉलेज में उपस्थित हों। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परीक्षा प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके और कोई भी छात्र प्रयोगात्मक परीक्षा से वंचित न रहे।

# ट्विटर शिकायत का असर तिवारीपुर, देवनहरी, सहसों से जल्द पकड़े जाएंगे बंदर

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** विकासखंड सहसों के ग्राम दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर में बंदरों की बढ़ती संख्या की समस्या को लेकर 24 जनवरी को गांव निवासी शिवम शुक्ला द्वारा ट्विटर के माध्यम से की गई शिकायत अब रंग लाने लगी है। शिकायत सामने आते ही जिला प्रशासन हरकत में आ गया है और क्षेत्र में बंदरों को पकड़ने की कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। शिवम शुक्ला ने बताया कि बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ से शाकिर नामक कर्मचारी का फोन आया, जिसमें उन्हें आश्वस्त किया गया कि तिवारीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में बंदरों की समस्या का शीघ्र समाधान कराया जाएगा। इसके बाद सहसों विकासखंड के सहायक पंचायत अधिकारी (प्रभारी) संतोष सिंह ने भी उनसे संपर्क कर क्षेत्र की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। मामले की पुष्टि के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) कार्यालय से अविका जी ने भी फोन कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तिवारीपुर, देवनहरी और सहसों में मौजूद बंदरों को जल्द से जल्द पकड़ने की कार्रवाई शुरू की जाएगी, जिससे आम जनता को राहत मिल सके।

ग्रामीणों का कहना है कि बंदरों के आतंक से फसलें नष्ट हो रही थीं, घरों में घुसकर नुकसान किया जा रहा था, वहीं बच्चों और बुजुर्गों को भी खतरे का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन की ओर से मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही इस गंभीर समस्या से निजात मिलेगी।

## न्यूज झरोखा

### मतदाताओं ने बूथों पर देखा अपना नाम



**बारा प्रयागराज।** प्रगाढ़ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत शनिवार को बारा तहसील के समस्त बूथों मतदाताओं ने मतदाता सूची में अपना अपना नाम देखा और आवश्यक कमियों की शिकायत दर्ज कराई। शासन द्वारा पुनरीक्षित मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। नए मतदाताओं का नाम जोड़ने और फर्जी मतदाताओं का नाम हटाने की प्रक्रिया के तहत शनिवार को शासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। क्षेत्र के सभी बूथों पर बीएलओ सुबह से शाम तक मौजूद रहे और मतदाताओं ने अपना अपना नाम देखा।इस संबंध में एसडीएम बारा प्रेरणा गौतम ने बताया कि शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया जारी है। सभी बूथों पर बीएलओ मौजूद रहे। यदि अभी भी किसी मतदाता के नाम, जन्म तिथि, माता पिता के नाम में गड़बड़ी हो तो फार्म आठ भर कर अभी भी सुधार कर सकते हैं।नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया है।

### लकी ड्रा विजेता को जी.एम स्मार्ट विलेज ने सौंपी कार



**प्रयागराज।** जी.एम स्मार्ट विलेज (ओ.पी.सी.) प्रा. लिमिटेड कंपनी द्वारा धनतेरस लकी ड्रा 2025 के विजेता को कार प्रदान की गई। 30 जनवरी 2026 को आयोजित कार्यक्रम में विनोद कुमार पटेल को यह पुरस्कार सौंपा गया। आयोजन वी.के. मल्टी ब्राण्ड कार सर्विस, बसडिला बरम की मोरी, करछना स्थित उनके प्रतिष्ठान परिसर में हुआ। मुख्य अतिथि एवं कंपनी के सी.एम.डी. ने विनोद कुमार पटेल को कार की चाबी सौंपी। इस अवसर पर मैनेजिंग डायरेक्टर पवन पटेल, अखिलेन्द्र पटेल, जग जीवन प्रसाद, डायरेक्टर दुर्गेश पाल, रत्नाकर मिश्रा, उदय सिंह पटेल सहित कंपनी के कर्मचारी एवं क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे। सी.एम.डी. ने कहा कि लकी ड्रा से ग्राहकों का भरोसा और मजबूत होता है।

### हरि ओम चैरिटेबुल ट्रस्ट ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, मधुमेह व उच्च रक्तचाप की हुई जांच



**सहसों।** हरि ओम चैरिटेबुल ट्रस्ट की ओर से सहसों बाईपास स्थित परिसर में शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के लोगों की मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच अनुभवी चिकित्सकों द्वारा की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सक डॉ. अमित यादव ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि सही समय पर की गई सही जांच ही बेहतर इलाज की सबसे मजबूत आधारशिला होती है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहे वह स्वयं को स्वस्थ समझता हो या किसी बीमारी से ग्रसित हो, वर्ष में कम से कम एक बार मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच अवश्य करानी चाहिए। इससे समय रहते बीमारी की पहचान कर उचित उपचार संभव हो पाता है। डॉ. अमित यादव ने बदलते मौसम में खानपान पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए कहा कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, दमा एवं एलर्जी से पीड़ित मरीजों को नियमित दवा सेवन के साथ-साथ परहेज और सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या में अपने नजदीकी अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। सर्दी के मौसम में रोगियों को ठंड से बचाव के लिए विशेष सतर्कता बरतने की भी आवश्यकता है। शिविर में नीरज पांडे, अभिषेक शुक्ला, शिवम सिंह, शिवम पाल, भोलानाथ केसरवानी, सूर्य प्रताप सहित स्थानीय नागरिक जागरूक होते उपस्थित रहे।

### परासिनपुर फूलपुर में कांग्रेस ने किया मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल का आयोजन



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के कार्यकताओं द्वारा शनिवार को परासिनपुर फूलपुर में मनरेगा बचाओ संग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने की। अपने संबोधन में अशफाक अहमद ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) ग्रामीणों को सौ दिनों के रोजगार की गारंटी देता था, लेकिन भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते यह व्यवस्था कमजोर कर दी गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनरेगा को समाप्त कर भाजपा सरकार ने गरीबों और मजदूरों से दो वक्त की रोटी छीनने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी ने संकल्प लिया है कि जब तक मनरेगा को पुनः बहाल नहीं कराया जाएगा, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से मजदूरों का जीवन दूभर हो गया है। ऐसी सरकार स्वीकार्य नहीं है जो किसान और मजदूर विरोधी हो। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव सूफिया बानो ने किया। इस अवसर पर सहाना बेगम, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, प्रदीप पाण्डेय, वेदप्रकाश बिन्द, श्यामजी धुरिया, चंचल देवी, प्रियंका, सुशीला देवी, विमला देवी, गीता देवी, सोनाली देवी, अनीता देवी, सुनीता देवी, राजेश कुमार गौतम, दानियाल कुक्कू, धनीराम गौतम, राजेन्द्र कुमार, संजय कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### बाउंड्री गिरा कर मारा पीटा गया मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर छीमीताल निवासी लाला राम पुत्र बब्बन का आरोप है कि पड़ोसी रात के समय एक राय होकर उसकी पुश्तैनी बाउंड्री को गिरा दिए।लाला राम का आरोप है कि विरोध पर उसके घर में घुसकर उसे मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। लालाराम ने मऊआइमा थाना में सचिन कुमार, राधेश्याम, मुकेश कुमार,राजकुमारी,अनोखा देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# कोरांव का जाम जिले में नाम : दुकानदारों ने रोक दी कोरांव की यातायात व्यवस्था

## चौड़ीकरण निरर्थक, सड़क की नाली पटरियों तक अवैध अतिक्रमण, वोट की राजनीति से स्थानीय प्रशासन चुप, अधिकारी भी खामोश

### इमर्जेंसी, वीआईपी वाहन भी रहते हैं त्रस्त

शहजादे



**कोरांव।** पूरे जिले में नगर पंचायत कोरांव जाम के झाम से अव्वल स्थान पर आ गया है। एक दिन नहीं प्रतिदिन दिन दिन भर के जाम से यात्री, वाहन बाइक सवार पैदल नेशनल हाइवे रोड में अवैध अतिक्रमण के कारण सभी परेशान हो गए हैं। इस तरह लोक निर्माण विभाग हाइवे चौड़ी करण का कार्य बेकार साबित हो गया। बल्कि पूर्व से सड़कें और तंग कर दी गई।

नगर पंचायत कोरांव में गोल चौराहे से लेंडियारी मार्ग और ड्रमंडगंज मार्ग,भारत गंज मार्ग मेजा रोड मार्ग ब्लॉक मुख्यालय कोहड़ार घाट मार्ग की पूरी सड़क पटरिया बिजली खंभों के सहारे दुकानदार कब्जा कर लिए। जिससे मार्केटिंग करने आने जाने वाले राहगीरों ग्राहकों को बड़ी कठिनाइयां उठानी पड़ रही है। क्योंकि पटरियों नालियों से कब्जा हुई जगह ग्राहकों के बाइक,चार पहिया वाहन बेतरतीब खड़े हों जाते हैं जिससे आवागमन दिन दिन भर ठप रहता है।

जाम के कारण कई एंबुलेंस वाहनों में अथवा इमरजेंसी वाहनों में मरीज स्वर्गलोक पहुंच जाते हैं कई की जाने जा चुकी हैं किंतु वोट और जाति की डर से नियुक्त अध्यक्छ, प्रशासक अधिकारी किसी भी दुकानदारों के खिलाफ जुमार्ना, अतिक्रमण हटाने या पुलिस द्वारा वहां उठा ले जाने जैसी कार्यवाही नहीं कर पा रहे जिससे कोरांव की जाम निरंतर विकराल होती जा रही है। जान लेवा हो गई है। कोरांव कस्बे की चाहे थाने वाली रोड हो कस्बे के अंदर की गलियां हों ,मार्ग हों सब अतिक्रमण की शिकार हैं।

कभी कभी तो पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। कोहडारघाट मार्ग पर नगर पंचायत कार्यालय तक टैक्सी स्टैंड और दुकानदारों के कारण वाहनों का आवागमन बाधित होता रहता है,लेकिन न तो पुलिस अंकुश लगा पा रही न तो नगर पंचायत प्रशासनिक समिति एक्टिव हो रही।

एसडीएम, तहसीलदार कोरांव भी मूक दर्शक हैं। दुकानदार बताते हैं पटरी पर खड़ी कर ठेला आदि लगाने के लिए हफ्ता देते हैं। पुलिस होमगार्ड जिस समय जरूरत होती है नदारद रहते हैं जिससे जाम खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहा।

यूको बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक, गोपालजी केसरी के निकट चौराहे तिराहे पर बिजली के खंभों के सहारे लोग सड़क की काली पटरियों तक दुकानें निर्मित कर लीं है किंतु कोई कार्यवाही नहीं हो रही।

दरअसल भारत गंज में एक समय जाम के मामले में प्रथम स्थान रहा किंतु चौड़ी करण से लोक निर्माण विभाग ने एक झटके में बड़ी बड़ी दुकानें तोड़वा दीं वजह थी कि मुस्लिमों की बस्ती ज्यादा थी,इस लिए वहां का कानून अलग था कोरांव का कानून अलग दिखता है। वोट कट जाएगा जिन्होंने नेता चुना है उनके विरोध करना नामुमकिन है।

फिलहाल पूर्व में प्रेस स्थाई समिति की बैठकों में पारित प्रस्ताव में जाम और प्राइवेट बस स्टैंड की व्यवस्था समस्या निराकरण हेतु एवं थाना कोरांव में कई बार पीस कमेटी की बैठकों में भी कोरांव की जाम से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हो चुकी है, किंतु व्यापारियों से दुकानदारों से प्राइवेट वाहन स्टैंडों से आ रही दिक्कतों पर स्थानीय प्रशासन और गृह विभाग ने कोई ठोस एक्शन नहीं लिया। दुकानदारों के बजाय वाहन पर गुस्से उतारे जाते हैं। छोटे बड़े भरी वाहन जाम से दिन दिन भर परेशान दिखते हैं।

- पहले तो सड़क की पटरियों के सामने रोड के किनारे आगे बढ़ कर खड़े बिजली के खंभे पीछे कराए जाएं या अंदर ग्राउंड वायरिंग कराई जाए।
- सड़क की पटरियों तक बढ़ी दुकानों को पुलिस बल लोक निर्माण विभाग नेशनल हाईवे की अफसरों की मौजूदगी में नाली तक अवैध कब्जे अस्थाई और स्थाई हटवाया जाए। न मानने पर विधिक कार्यवाही की जाए।
- लावारिस खड़े वाहनों को सड़क की पटरियों से हटवा कर खड़ा कराया जाए जिससे बाहर का व्यापारी ग्राहक मन पसंद प्रसिद्ध दुकानों से खरीद दारी कर सकें। और यातायात बाधित भी न रहे।
- इस के लिए लोक निर्माण विभाग तहसील प्रशासन,नगर पंचायत स्टाफ सक्रियता पूर्वक नाली तक नाप जोख करा कर चेतावनी के साथ कार्यवाही कराएं, नोटिस दें।
- हर समय दिन में प्रत्येक चौराहों गोल चौराहा मांडा वाली रोड कोहडारघाट रोड मेजा वाली रोड तिराहे पर विधिवत पुलिस कर्मी,होमगार्ड आदि बराबर तैनाती कराई जाए। जिससे जाम न लगने पाए। और यातायात प्रभावित न हो तथा इमरजेंसी सेवाएं निरंतर बेरोक टोक के चालू रहें। दुर्घटनाएं न हों।
- या फिर दुकानदार न सुधरें तो सीधे ओवरब्रिज की व्यवस्था सरकार जन प्रतिनिधि स्वीकृत कराएं।

### क्या बोले लोग



कोरांव कस्बे की जाम से डिलीवरी के लिए आने जाने वाली महिलाओं को काफी दिक्कतें आती हैं। कई प्रसूता महिलाओं ने तो वाहन में ही बच्चे जन्म दिया। अव्यवस्था दूर किया जाना जरूरी है।

**-प्रेमकली**
**सोशल वर्कर बिरहा कोरांव प्रयागराज**



सड़क की दोनों पटरियों पर नाली तक कब्जा किए जाने से बाहरी मार्केटिंग करने या किसी कार्य वश आने जाने वाहन सवार लोगों को जाम से काफी दिक्कतें आ रही हैं,पुलिस और नगर पंचायत प्रशासन ध्यान नहीं देती। जिससे समस्या बनी हुई है।

**-राजेश पांडेय**
**सामाजिक कार्यकर्ता**
**कोरांव विधान सभा प्रयागराज**

# करैली पुलिस की बड़ी कार्रवाई, नकली दरोगा के नाम से मशहूर युवक तमंचे के साथ गिरफ्तार

**प्रयागराज।** करैली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली दरोगा के नाम से चर्चित चकिया निवासी जीशान जाकिर को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, देर रात करैली थाना क्षेत्र के अकबरपुर इलाके में दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा था। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से जीशान जाकिर मौके पर पहुंचा और तमंचा लहराकर लोगों को धमकाने लगा। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी आशीष सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान जीशान के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी खुद को दरोगा बताकर इलाके में रौब गांठता था। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, जीशान पर पूर्व में फायरिंग और बमबाजी जैसे संगीन मामलों में मुकदमे दर्ज हैं। एसीपी राजकुमार मीणा ने बताया कि इस मामले में अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति घटना में शामिल पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और कानून हाथ में लेने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

# शंकरगढ़ में डिजिटल साक्षरता को नई दिशा, न्यूनतम शुल्क पर कंप्यूटर शिक्षा का अभियान शुरू

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के शिक्षक नगर मोहल्ले में स्थित चंद्रशेखर आजाद ग्रुप ऑफ एजुकेशन ने ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के छात्रों के लिए कंप्यूटर शिक्षा को सुलभ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। संस्थान ने न्यूनतम शुल्क पर कंप्यूटर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए पूरे ब्लॉक क्षेत्र के गांवों में जागरूकता अभियान शुरू किया है।इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए गठित सर्वे एवं प्रचार टीम, जिसमें टीम हेड पुष्पेंद्र सिंह और बी.के. वर्मा शामिल हैं, गांव-गांव जाकर लोगों को डिजिटल शिक्षा के महत्व से अवगत करा रही है। टीम अभिभावकों और छात्रों को कम खर्च में कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित कर रही है, ताकि तकनीकी ज्ञान की कमी के कारण कोई भी छात्र पीछे न रह जाए।

प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने शंकरगढ़ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के इस प्रयास की सराहना करते हुए सर्वे टीम को बधाई दी। वहीं, चंद्रशेखर आजाद ग्रुप ऑफ एजुकेशन की प्रिंसिपल प्रतिमा श्रीवास्तव और डायरेक्टर डॉ. विवेक श्रीवास्तव ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह पहल शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी।इस अवसर पर वरिष्ठ कंप्यूटर शिक्षिका अनन्या केसरवानी, श्रुति केसरवानी, अतुल श्रीवास्तव, प्रगति सिंह, हिमांशी सिंह और हर्ष मिश्रा सहित कई शिक्षक व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संस्थान का यह अभियान क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी कदम माना जा रहा है।

# प्रयागराज में राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच शिविर संपन्न, 73 प्रतिभागियों ने दिखाया अनुशासन व कौशल



**प्रयागराज।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जनपद प्रयागराज के तत्वावधान में राज्य पुरस्कार स्काउट-गाइड जांच शिविर का आयोजन 28 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र मंफोर्डगंज, प्रयागराज में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चार दिवसीय इस शिविर में जनपद सहित विभिन्न क्षेत्रों से कुल 49 स्काउट एवं 24 गाइड, इस प्रकार 73 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

शिविर के कैंप फायर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला मुख्य आयुक्त एवं जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज पी.एन. सिंह ने प्रतिभागी स्काउट-गाइडों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य पुरस्कार उत्तीर्ण करने के बाद सभी स्काउट-गाइड राष्ट्रपति पुरस्कार की तैयारी अपने-अपने विद्यालयों के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन के मार्गदर्शन में अभी से प्रारंभ करें। उन्होंने कहा कि शिविर में सीखी गई अनुशासन, सेवा, नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की सीख को दैनिक जीवन में आत्मसात करें, जिससे परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सके।

इस अवसर पर सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (प्रयागराज मंडल) सुंदरम शुक्ला, जिला सचिव डॉ. पी.पी. सिंह, जिला मुख्यालय आयुक्त (स्काउट) डॉ. संतोष कुमार सिंह, सहायक लीडर ट्रेनर स्काउट एवं सहायक जिला सचिव पीयूष कुमार सिंह, संयुक्त सचिव सुरेंद्र प्रताप सिंह, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) वेद प्रकाश भगत तथा जिला संगठन आयुक्त (गाइड) मीरा सिंह उपस्थित रहे।

प्रदेश से नियुक्त परीक्षक के रूप में गौरव सिंह (सुल्तानपुर) ने जांच कार्य संपन्न कराया। शिविर संचालक बलिराम (अंबेडकर नगर), सहायक शिविर संचालक प्रीति मिश्रा (सीतापुर) व कविता वर्मा (सुल्तानपुर) रहीं। क्वार्टर मास्टर डॉ. हरिश्चंद्र यादव, राकाकांत मिश्रा, यशवंत सिंह, गाइड कैप्टन प्रिया कक्कड़, मानसी सिंह, अल्फा गुंजन दास, निशा सिंह, पूनम वर्मा सहित अनेक स्काउट-गाइड पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक मौजूद रहे। शिविर का समापन अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ किया गया।

# संस्कार, संस्कृति और प्रतिभा का संगम बना कैंब्रिज स्कूल का वार्षिकोत्सव



**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज,पंखा टोला शंकरगढ़ में शनिवार को आयोजित वार्षिक समारोह बच्चों की प्रतिभा, संस्कार और संस्कृति का सजीव उदाहरण बनकर सामने आया। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन, सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं अतिथियों के माल्यार्पण के साथ हुई।इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। डाली शुक्ला व अद्रिका द्वारा प्रस्तुत भजन ह्लतेरी मंद-मंद मुस्कनियाह्व तथा शिखा, आस्था व अर्पिता द्वारा प्रस्तुत भजन ह्लतुम उठो सिया श्रृंगार करोह्व ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। वहीं मेड इन इंडिया, स्वच्छ भारत, मैं निकला गाड़ी ले के, पंजाबी गीत, ज़िंदगी एक किराए का घर है और शिव तांडव पर प्रस्तुत नृत्य ने पूरे पंडाल को तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट प्रयागराज के अपर महाअधिवक्ता नीरज त्रिपाठी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने और कहा कि जब भी वे ऐसे कार्यक्रमों में आते हैं तो अपने बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन और संस्कृति को अपनाकर अपने क्षेत्र, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल किताबी शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। अंत में उन्होंने अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता गोपालदास गुप्ता, चेयरमैन प्रतिनिधि छेदी लाल कोटार्य,विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद्र पांडेय,अरविंद केसरवानी, पंकज गुप्ता, आबिद अली, रामानुज गुप्ता, राजेश केसरवानी, सोमनाथ वर्मा, मीडिया प्रभारी रामजतन बंसल, प्रांजल गुप्ता, दीपक केसरवानी, शिक्षक मणिशंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, पंकज मिश्रा ,पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, दीपक केसरवानी, नरेश श्रीवास्तव, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, धर्मराज कुशवाहा, बृजेश मिश्रा, आभा मिश्रा, प्रीति सेन, वंदना शुक्ला, रीतू सुसारी, सिम्मी गुप्ता,रीना गोस्वामी, रेखा सिंह, मधु केसरवानी, ऊषा सिंह, सीमा सिंह, रूचि शुक्ला, निहारिका सेन, सोमवती विश्वकर्मा, अंजू गुप्ता, पूनम द्विवेदी, कोमल त्रिपाठी सहित शिक्षक, शिक्षिकाएँ,अभिभावक एवं कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत मंडलायुक्त ने मतदान केंद्र का किया निरीक्षण



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत शनिवार को मंडलायुक्त एवं रोल ऑब्जर्वर सौम्या अग्रवाल ने विधानसभा क्षेत्र इलाहाबाद उत्तर (262) के मतदान केंद्र राजकीय काष्ठकला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कटरा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ संख्या 139 से 146 तक चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के तहत नो-मैपिंग मतदाताओं को नोटिस जारी करने, उनकी सुनवाई तथा निस्तारण की प्रक्रिया की जानकारी ली। साथ ही अर्ह मतदाताओं को फार्म-6 वितरित कर प्राप्त आवेदनों को तत्काल ऑनलाइन अपलोड करने और फील्ड वेरिफिकेशन रिपोर्ट समय से सबमिट करने के निर्देश बीएलओ एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दिए।

मंडलायुक्त ने बीएलओ से नोटिस जारी किए गए मतदाताओं की संख्या और उनमें से तामील हो चुके नोटिसों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि नोटिस की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर सुनवाई के बाद मामलों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि मतदाता सूची में नाम, आयु, लिंग अथवा अन्य विवरणों में कोई त्रुटि हो तो उसके संशोधन के लिए फार्म-8 भरवाया जाए। साथ ही जिन मतदाताओं की फोटो धुंधली, काली, पुरानी या आकार में अनुपयुक्त है, उनकी नवीनतम फोटो अपडेट कराई जाए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने मतदान केंद्र पर मौजूद मतदाताओं से भी संवाद किया। मतदाताओं ने बताया कि फार्म-6 एवं फार्म-8 भरने में उन्हें किसी प्रकार की समस्या नहीं हो रही है और बीएलओ द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, बीएलओ को समयबद्ध कार्य पूरा करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को तहसील सदर स्थित विधानसभा क्षेत्र इलाहाबाद पश्चिम (261) के बूथ संख्या अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हरवारा (द्वितीय) कम्पोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने पाया कि बूथ पर तैनात बीएलओ मतदाता सूची में नाम व फोटो की त्रुटियां सुधारने, नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फार्म-6 भरवाने, एक ही परिवार के अलग-अलग बूथों पर दर्ज नामों को एक बूथ पर स्थानांतरित करने सहित अन्य कमियों को दूर करने का कार्य कर रहे हैं।जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद मतदाताओं से संवाद करते हुए अपील की कि वे आलेख्य



मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें। जिनका नाम छूट गया हो या जिनकी आयु 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई अथवा 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो, वे बीएलओ से संपर्क कर फार्म-6 भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ जमा करें, ताकि उनका नाम 6 मार्च 2026 को प्रकाशित होने वाली अंतिम मतदाता सूची में शामिल हो सके।उन्होंने बताया कि यदि मतदाता सूची में नाम, पिता का नाम, लिंग, आयु या फोटो से संबंधित कोई त्रुटि हो तो उसके सुधार के लिए फार्म-8 भरवाया जा सकता है। साथ ही धुंधली या पुरानी फोटो एवं मोबाइल नंबर अपडेट कराने की सुविधा बीएलओ एप के माध्यम से उपलब्ध है, जिसके लिए किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी।जिलाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिए कि जिन परिवारों के मतदाताओं के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज हैं, उन्हें एक ही मतदान केंद्र पर दर्ज कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। इसके साथ ही उप जिलाधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं सहायक अधिकारियों को आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची को प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं के समक्ष पढ़कर सुनाया जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अभिषेक सिंह, संबंधित सुपरवाइजर और बीएलओ उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### तारा सेवा संस्थान ने प्रभारी निरीक्षक को उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित



**प्रयागराज।** तारा सेवा संस्थान प्रयागराज द्वारा अरैल सेक्टर-7 में एक सम्मान समारोह एवं सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक डॉ. धर्मेंद्र कुमार यादव को उनके उत्कृष्ट कार्य, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे अधिकारियों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। इस अवसर पर तारा सेवा संस्थान की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा और ईमानदार प्रशासन से ही सामाजिक व्यवस्था मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान संस्था की ओर से सफाई कर्मियों को कंबल एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया, जिससे जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान देखने को मिली। कार्यक्रम में राहुल केसरवानी, पूजा केसरवानी, रोहित केसरवानी सहित संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके साथ ही बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं जल विभाग के कर्मी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे और सेवा कार्यों की सराहना की। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### कवन सो काज कठिन जग माहीं, जो नहिं होइ तात तुम्ह पाहीं



**जंघई।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चनेथू बजरंगपुरम हनुमान मंदिर प्रांगण में मां पार्वती एवं देवाधिदेव महादेव असीम अनुकंपा से श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ का आयोजन किया गया। श्री रामचरित मानस का अखंड पाठ अनंत काल से होता चला आ रहा है जीवन के मंगल कामना हेतु किया जाने वाला यह पाठ अत्यंत ही शुभ फलदायक है। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के गुणों का बखान करने वाली श्रीराम चरित मानस अखंड पाठ बहुत ही शुभकारी एवं मंगलकारी होता है। ?चनेथू बजरंगपुरम हनुमान मंदिर प्रांगण में राजेंद्र शुक्ल मालिक, नागेंद्र शुक्ल, नागेश बबलू शुक्ला द्वारा मानस मर्मज्ञ भोलानाथ दुबे, शिवानी दुबे, राज दुबे, विनय शुक्ला, अनिल शुक्ला, शिवम शुक्ला आदि संगीतकारों से अखंड रामायण पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य भानू मिश्र, प्रदीप मिश्र, सूर्यमणि शुक्ल, आचार्य धरणीधर शुक्ल, अरुण शुक्ल, संगम शुक्ल, जयप्रकाश शुक्ल एवं मुन्ना उपाध्याय, साधु चरण तिवारी, डाक्टर त्रिभुवन नाथ दुबे, मुन्ना पांडेय, दिनेश पांडेय, सीताराम तिवारी, सुभाष तिवारी, राम अभिलाष पांडेय, कपिल देव तिवारी, राजेंद्र शुक्ल, संजय दुबे, हरिश्चंद्र शुक्ल, राजकुमार दुबे, कृष्णराज शुक्ल, अजय दुबे, रामनयन शुक्ल, डिंपल शुक्ला, भरत ओझा, अजय शुक्ला, संदीप शुक्ल, दीपक शुक्ल, खुशियाल शुक्ल, धीरज शुक्ल, गोलू शुक्ल, अंजीश, शिवांश, पार्थ, अनमोल, देवांश सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

### हत्या के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार, हंडिया पुलिस को बड़ी सफलता



**प्रयागराज।** हंडिया थाना पुलिस ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को उसके गांव के पास से दबोच कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, थाना हंडिया में पंजीकृत मुकदमा संख्या 46/2026, धारा 103(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त अंकित सिंह (35) पुत्र सुरेंद्र बहादुर सिंह, निवासी अहिरी, थाना हंडिया को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की गिरफ्तारी थाना क्षेत्र के ग्राम अहिरी के पास से की गई। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अभियान का नेतृत्व सहायक पुलिस आयुक्त हंडिया के निर्देशन में तथा पुलिस उपायुक्त और अपर पुलिस उपायुक्त गंगानगर के पर्यवेक्षण में किया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेकर नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक नितेंद्र कुमार शुक्ला, वरिष्ठ उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह, उप निरीक्षक बृजेश कुमार सिंह, उप निरीक्षक अंबुज कुमार, उप निरीक्षक मणिभूषण शुक्ला, हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव तथा कांस्टेबल बृजेश कुमार राय शामिल रहे।

## एसटीएफ प्रयागराज की बड़ी कार्रवाई, 55 लाख की अंग्रेजी शराब बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज।** एसटीएफ फील्ड इकाई प्रयागराज की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 55 लाख रुपये कीमत की 435 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस दौरान टीम ने शराब तस्करी में संलिप्त दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ को लंबे समय से अवैध शराब तस्करी की सूचना मिल रही थी। इसी क्रम में टीम ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पूछताछ में सामने आया कि शराब की यह खेप एक राज्य से दूसरे राज्य में अवैध रूप से सप्लाई की जा रही थी।

गिरफ्तार दोनों आरोपी अंतरराज्यीय स्तर पर शराब तस्करी के नेटवर्क से जुड़े बताए जा रहे हैं। एसटीएफ अधिकारियों के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ के आधार पर तस्करी के पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाई जा रही है और इस मामले में आगे भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

एसटीएफ अधिकारियों ने बताया कि अवैध शराब




कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी कीमत पर तस्करी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## नैनी स्टेशन पर रेल कर्मी की सूझबूझ से बची यात्री की जान

**नैनी।** नैनी स्टेशन पर शनिवार को एक घटना होते-होते टल गई। प्लेटफार्म संख्या चार से गुजर रही कामायनी एक्सप्रेस प्रयागराज की ओर में एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान यात्री का संतुलन बिगड़ गया और वह ट्रेन एवं प्लेटफार्म के बीच गिर पड़ा। इसी समय गाड़ी को वेव करते हुए ड्यूटी पर तैनात पॉइंट्स मैन सूबे सिंह चौधरी ने अद्भुत सूझबूझ, तत्परता एवं साहस का परिचय देते हुए अपनी जान की परवाह किए बिना तत्काल कार्रवाई की और गिरते हुए यात्री को सुरक्षित अपने पास घसीट लिया। बता दें कि सूबे सिंह चौधरी मूल रूप से बीकानेर मंडल से हैं और माघ मेले के दौरान विशेष ड्यूटी के लिए प्रयागराज मंडल आए हैं। वर्तमान में उन्हें नैनी स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात



किया गया है। उनके इस सराहनीय और साहसिक कार्य से न केवल एक यात्री की जान बची, बल्कि रेल प्रशासन का गौरव भी बढ़ा है। मंडल रेल प्रबंधक, प्रयागराज मंडल रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में तथा वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (समन्वय) अकांशु गोविल के मार्गदर्शन में प्रयागराज मंडल की टीम यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने एवं सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर है। रेल प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने का प्रयास न करें। ट्रेन के पूर्ण रूप से रुकने के बाद ही सुरक्षित तरीके से चढ़ें-उतरें, ताकि इस प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

### 27 किलो अवैध भांग के साथ एक गिरफ्तार

**प्रयागराज।** कीडगंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए 27 किलो अवैध भांग के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से तीन बैगों में रखे 27 पैकेट भांग और 460 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार 31 जनवरी 2026 को थाना कीडगंज क्षेत्र के रामबाग स्थित सेवा समिति इंटर कॉलेज के पास से राजकुमार विश्वकर्मा पुत्र स्व. उमाशंकर विश्वकर्मा को पकड़ा गया। आरोपी ग्राम गुलालपुर, थाना झूंसी, जनपद प्रयागराज का निवासी है और उसकी उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर थाना कीडगंज में मु0अ0सं0 24/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में उप निरीक्षक अनूप कुमार (चौकी प्रभारी जीवन ज्योति), उप निरीक्षक भूपेंद्र यादव (चौकी प्रभारी नई बस्ती) और कांस्टेबल अमित कुमार पाल शामिल रहे।

## विज्ञान की भव्य कार्यशाला पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज में संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी (क्ठ अर) द्वारा पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज के तत्वावधान में विज्ञान की पाठशाला : विज्ञान जागरूकता शिविर- 2026 संपन्न हुई ।इस कार्यक्रम में जनपद प्रयागराज के नगर क्षेत्र के पंद्रह माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा ग्यारह एवं बारह में अध्ययनरत अभियान विज्ञान वर्ग के लगभग तीन सौ छात्र /छात्राओ और उनके साथ शिक्षक शिक्षिकाओ ने प्रतिभागिता की और इस ज्ञानवर्धक कार्यशाला से अत्यंत लाभान्वित हुए । धर्मेन्द्र कुमार सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज के संयोजन में कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक पी एन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयाग राज ,समन्वयक डॉ . मधु यादव ,कार्यक्रम प्रबंधक डॉ आकांशा केसरी के सहयोग से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण मुख्य अतिथि डॉ . संतोष सिंह एसोसिएट प्रोफेसर मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयाग राज कर कमलों से हुआ । संरक्षक पी एन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए मुख्य अतिथि संतोष सिंह के बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला ।मुख्य अतिथि अपने मातृ संस्था राजकीय इंटर कॉलेज प्रयागराज में पहुँचकर भावविह्वल दिखे और उन्होंने राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज के गौरवशाली इतिहास और शिक्षकों की सराहना की । इस अवसर पर पी एन सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयाग राज ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से छात्र/ छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित होती है और वे भविष्य में विज्ञान में संभावनाओं के प्रति जागरूक और सचेत होते हैं ।

छात्र छात्राओं को विज्ञान के क्षेत्र में उभरते अवसरों एवं संभावनाओं से परिचित कराने के लिए तथा भविष्य में उनके लिए विज्ञान के क्षेत्र में कौन कौन से करियर विकल्प हो सकते हैं पर ज्ञानवर्धक व्याख्यान क्क्ष्ळ इलव से पधारे विद्वान प्रोफेसर्स द्वारा दिया गया । इस क्रम में डॉ . संजीव कुमार महतो ने सेल्यूलर इंटेलिजेंस से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस विषय पर, डॉ . आशीष कुमार मिश्रा ने स्कूल शिक्षा के बाद भारत में करियर विकल्प विषय पर , डॉ . क्षमा अवस्थी ने विशेषकर छात्राओं के लिए विज्ञान के क्षेत्र में करियर के विकल्प विषय पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किए ,जिसको छात्र छात्राओं द्वारा पूर्ण मनोयोग से सुन कर सराहना की गई और वे प्रसन्न और लाभान्वित हुए । प्रोफेसर संजय कुमार सिंह की बातों में छात्र छात्राओं ने अपनी रुचि दिखाई । कार्यक्रम के संचालन एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने में जितेंद्र प्रताप सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रयागराज ,प्रभाकर त्रिपाठी ,संतोष सिंह मौजूद रहे । राजकीय इण्टर कॉलेज प्रयागराज के रवीन्द्र कुमार यादव प्रवक्ता ने कार्यक्रम का रुचिकर और सफलता पूर्वक संचालन किया । इनके साथ डॉ. निर्मल कुमार जायसवाल श्रीमती पूजा पटेल कार्यक्रम की नोडल ,अर्चना त्रिपाठी ,रत्न पल्लवी, रमेश चंद्र वर्मा का योगदान महत्वपूर्ण रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार डॉ अब्दुल कादिर उप प्रधानाचार्य द्वारा किया गया ।

### मांडा थाना प्रभारी ने भारतगंज में किया पैदल मार्च

**मांडा।** थाना प्रभारी निरीक्षक मांडा अनिल कुमार वर्मा ने शनिवार शाम भारतगंज कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। इस दौरान चौकी प्रभारी भारतगंज सुभाष सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। इंस्पेक्टर वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और अवैध कारोबारियों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की नीति और निर्णय सर्वोपरि हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अशांति फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। इसके अतिरिक्त, उन्होंने व्यापारियों को मुख्य सड़क पर वाहन खड़ा कर सामान उतरवाने पर भी नाराजगी व्यक्त की।

## लेडीज पर्स खरीदने के बहाने इंटरप्राइजेज की दुकान में गया अज्ञात युवक किया मोबाइल पार

### दुकान में लगे शीशी टीवी कैमरा में पूरी वारदात कैद होने के बाद भी नैनी पुलिस ने आज तक नहीं लिया कोई एक्शन, प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति एवं नैनी पुलिस से महिला का उठा भरोसा

**मेजा।** समान खरीदने के बहाने एक इंटर प्राइजेज की दुकान में गए कथित एक अज्ञात युवक द्वारा मोबाइल फोन चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। दुकान संचालिका पीड़िता शांति प्रजापति द्वारा थाना नैनी में लिखित तहरीर देने एवं आईजी आरएस की कार्यवाही के बाद भी आज तक नैनी पुलिस मामले को संज्ञान में नहीं लिया जबकि पूरी वारदात दुकान के अंदर लगे शीशी टीवी कैमरे में कैद है। ऐसे में न्याय की दरकार में थाने का चक्कर काट रही पीड़िता का योगी सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति पर सवाल उठा रही है वहीं योगी की नैनी पुलिस से भी भरोसा उठाता जा रहा है। प्रकरण नैनी थाना क्षेत्र के मामा भांजा बाजार का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार घूरपुर थाना क्षेत्र के नया पूरा बसवार गांव निवासी शांति प्रजापति पत्नी सत्यम प्रजापति ने नैनी थाना में दिए लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह मामा भांजा तालाब मार्केट में अवतार इंटरप्राइजेज और सुहानी सिलाई सेंटर



दुकान संचालिका शांति प्रजापति

के नाम से दुकान खोल रखी है। तहरीर के मुताबिक बीते 25 जनवरी को वह अपनी दुकान में थी समय लगभग 1बजकर 15 मिनट पर उसकी दुकान के सामने स्प्लेंडर बाइक सवार दो अज्ञात युवक पहुंचे जिस पर एक अज्ञात युवक जो सफेद रंग की जैकेट और काले रंग का पेंट पहना था उसकी दुकान में लेडीज पर्स तथा कुछ अन्य सामान खरीदने के लिए दुकान गया और एक लेडीज पर्स दिखाने के लिए महिला से बोला। बताया जाता है कि जब महिला सिलाई का बंद कर युवक को पर्स दिखाने के लिए दुकान के टॉड पर रखा लेडीज पर्स स्टूल के सहारे निकालने गई तो इसी बीच मौका पाकर अज्ञात युवक सिलाई मशीन पर रखा उसका वीवो मोबाइल जिसकी कीमत दस हजार दो सौ रुपए है चोरी करके तेजी से भाग से भाग निकला। इस दौरान अज्ञात युवक द्वारा की गई पूरी वारदात दुकान में लगे शीशी कैमरे में कैद हो गई। प्रकरण के बाबत पीड़िता शांति प्रजापति का आरोप है कि मोबाइल चोरी के बाद वह अपने पति के साथ नैनी थाना पहुंची और अज्ञात युवक के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र दिया इसके अतिरिक्त मुख्य मंत्री पोर्टल पर आईजीआरएस भी किया है लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी नैनी पुलिस मामले को संज्ञान में नहीं लिया। और न ही मामले में एफआईआर दर्ज की गई। परिणाम स्वरूप न्याय की दरकार में थाने का चक्कर काट रही पीड़िता शांति प्रजापति की बातों को सच माना जाय तो वह योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति पर जहां सवाल उठा रही है वहीं नैनी पुलिस से भी उसका भरोसा उठ रहा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार मेडिकल स्टोर संचालक समेत दो युवकों की मौत



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में दर्दनाक हादसा हुआ। औद्योगिक थाना क्षेत्र के रामपुर के पास ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार मेडिकल स्टोर संचालक समेत दो युवकों की मौत हो गई। हादसे में घायल होने के बाद पुलिस ने दोनों को एसआरएन अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। कौंधियारा थाना क्षेत्र के बड़गोहना खुर्द गांव निवासी दीपक पटेल (25) पुत्र ब्रह्मानंद पटेल और नौगवां सलैया गांव निवासी इंद्रपाल पाल (35) पुत्र सूर्यजीत पाल शुक्रवार की रात में बाइक से प्रयागराज जा रहे थे। रामपुर पुलिस चौकी के पास स्थित हॉट मिक्स प्लांट के सामने तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करछना ले गई, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें स्वरूप रानी अस्पताल ले गई। यहां डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। दीपक पटेल मेडिकल स्टोर चलाता था, जबकि इंद्रपाल एक प्राइवेट कंपनी में केस कलेक्शन का कार्य करता था। इंद्रपाल के दो बच्चे हैं, जबकि दीपक अविवाहित था। घटना के बाद दोनों के परिवारों में कोहराम मच गया है।

### नहर में मिला दुधमुंहा बच्चे का शव, पुलिस जांच में जुटी



**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास स्थित नहर में शनिवार सुबह एक दुधमुंहे बच्चे का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बच्चे की उम्र लगभग 3 महीने बताई जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने नहर के किनारे बच्चे का शव देखा तो इलाके में अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। कई ग्रामीण और चश्मदीद इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे। सूचना मिलते ही बहरिया पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार, शरीर पर किसी प्रकार के चोट या घाव के निशान नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में पुलिस का अनुमान है कि मासूम का शव कहीं और से बहकर नहर में आया होगा। हालांकि, स्थानीय लोग इसे हत्या कर शव फेंके जाने की संभावना से भी जोड़कर देख रहे हैं। एसीपी फूलपुर ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं, पुलिस आसपास के थानों और जिलों में लापता बच्चों की सूचियां खंगाल रही है ताकि नन्हे मासूम की पहचान की जा सके। घटना ने पूरे इलाके में चिंता और दुख की लहर दौड़ा दी है। लोगों में सवाल है कि मासूम के माता-पिता कहां हैं और क्या यह किसी बड़े अपराध का हिस्सा हो सकता है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सतपुरा, विकास खंड -शंकरगढ़, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/ग्राम पं. वि. अ./कोटेशन/ 2025-26 **टेण्डर/कोटेशन** दिनांक : 31.01.2026

ग्राम पंचायत **सतपुरा** में वित्तीय वर्ष 2025-26 में कराये जाने वाले कार्य, मनरेगा/15 वां वित्त/राज्य वित्त योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत **सतपुरा** विकास खण्ड शंकरगढ़ में अद्योलिखित कार्यों के लिए इच्छुक पंजीकृत फर्मो से अल्प कालीन निविदा आमंत्रित की जाती है, आकड़न/प्राकलन के अनुसार यथा आवश्यक मात्रा में सामग्री कार्य स्थल पर प्राप्त आपूर्ति भाड़ा एवं कार्य की मजदूरी सहित पहुंचाकर आपूर्ति हेतु आपूर्तिकर्ता से सील बन्द लिफाफे में टेन्डर/कोटेशन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 01-02-2026 से दिनांक 15-02-2026 को अपराहन 3 बजे तक आमंत्रित किया जाता है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी टेन्डर/कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा आपूर्तिकर्ता अपना कोटेशन/टेन्डर उक्त तिथि तक जमा कर सकते हैं। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्यदिवस में देखी जा सकती है , तथा टेन्डर फार्म की बिक्री उक्त अवधि में कार्यालय समय 10 से 12 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर की जायेगी। किसी एक व समस्त टेन्डर/कोटेशन को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। टेन्डर/कोटेशन दिनांक 16-02-2026 को अपराहन 4 बजे पूर्व निर्धारित कमेटी के समक्ष खोला जायेगा। टेण्डर /कोटेशन फार्म कार्यालय में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के पास दिनांक 16-02-2026 कार्यालय अवधि में समय 3.30 अपराहन तक जमा किया जा सकता है। निम्नलिखित कार्य पर पर जिस-जिस सामग्री की आवश्यकता है उसका विवरण कार्यलय/नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। उत्तर प्रदेश माल एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत अनुमन्य जी.एस.टी. का भुगतान किया जायेगा, जिसके जमा करने का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा, साथ ही जी.एस.टी जमा चालान की आपूर्तिकर्ता द्वारा स्वप्रमाणित प्रति भुगतान के एक माह के अन्दर अपरिहार्य रूप से जमा करना होगा। उसके उपरान्त ही अगला भुगतान किया जायेगा। उस भुगतान पर ही उक्त नियम व शर्तें लागू रहेगी। इसके विपरीत स्थिति पाने पर भविष्य के उक्त फर्म को काली सूची में डालने हेतु उचित विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत श्रम एवं सामग्री अंश | सामग्री अंश आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत सतपुरा में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कार्य | 12.00 लाख | 6 माह |
| 2. | ग्राम पंचायत सतपुरा में अन्नपूर्णा भवन निर्माण कार्य | 9.00 लाख | 6 माह |
| 3. | विनय मिश्रा के घर से वृहद के घर तक WBM रोड | 2.00 लाख | 6 माह |
| 4. | ग्राम पंचायत सतपुरा में आंगनबाड़ी एवं अन्नपूर्णा भवन के परिसर में मिट्टी भराई एवं 600 MM ह्यूम पाइप स्थापना का कार्य | 3.00 लाख | 6 माह |

प्रदीप कुमार मिश्रा
प्रधान
ग्राम पंचायत सतपुरा
विकास खंड शंकरगढ़, प्रयागराज

अमरेश सिंह
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत सतपुरा
विकास खंड शंकरगढ़, प्रयागराज

# प्रतापगढ़ में भारी उत्साह के बीच हुआ बार काउन्सिल के लिए मतदान, शांतिपूर्ण हुआ निर्वाचन

जिला मुख्यालय के साथ कुण्डा व लालगंज में भी उत्साहजनक दिखी वोटिंग

अखंड भारत संदेश



प्रतापगढ़। बार काउन्सिल ऑफ उ0प्र0 के चुनाव के तहत चैथे चरण में प्रतापगढ़ मे हुए मतदान को लेकर दूसरे दिन भी उत्साह का माहौल दिखा। कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सम्पन्न हुए निर्वाचन में जिला मुख्यालय पर अधिवक्ताओं ने तेरह बूथों पर मतदान किया। सुबह दस बजे से शुरु हुआ मतदान शाम पांच बजे तक गहमागहमी का माहौल लिए दिखा। जिला मुख्यालय स्थित दीवानी परिसर में दूसरे दिन के मतदान प्रक्रिया में पन्द्रह सौ छत्तीस मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले दिन यहां पन्द्रह सौ उन्हत्तर मत पड़े थे। मुख्यालय पर कुल इक्तीस सौ पांच मतदान हुआ है। यहां सैतीस सौ से अधिक मतदाता थे। पीठासीन अधिकारी एवं अपर जिला जज अजय कुमार ने बूथों पर निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान की कमान संभाली। दूसरे दिन पूर्व विधायक धीरज ओझा ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। दोपहर बाद कुछ प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों ने आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल से साथ अपर जिला जज अजय कुमार से मुलाकात की। यहां प्रत्याशियों व समर्थकों ने मतदान केंद्र के अंदर अपर जिला जज से कुछ अधिवक्ताओं के द्वारा मोबाइल साथ ले जाने की शिकायत दर्ज करायी। आचार्य ओमप्रकाश मिश्र, विनोद पाण्डेय, रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, प्रदेश प्रवक्ता विकास मिश्र, आदि की शिकायत के बाद अपर जिला जज के निर्देश पर बूथों पर तलाशी अभियान सख्त हो उठा। दीवानी के गेट नंबर पांच पर प्रत्याशियों के समर्थकों का भारी जमावड़ा साथियों से अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की गुहार लगाता दिखा। दीवानी के गेट नंबर पांच व तीन पर दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था के प्रबन्ध कड़े दिखे। वहीं दूसरे दिन बूथ के बाहरी क्षेत्र में बैरीकेटिंग के जरिए प्रत्याशियों अथवा उनके समर्थकों को दो सौ मीटर दूर भी रखा गया। वहीं लालगंज आउटलाइन कोर्ट में दूसरे दिन एक सौ चैहत्तर वकीलो ने मतदान किया। यहां कुल तीन सौ पन्चान्वे मतदाताओं में से दोनों दिनों में तीन सौ छिहत्तर अधिवक्ताओं ने मतदान किया। अपर जिला जज रघुबीर सिंह राठौर ने पीठासीन अधिकारी के रूप में निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पन्न कराया। वहीं एसीजेएम विराटमणि त्रिपाठी भी एडीजे का सहयोग करते दिखे। कुण्डा आउटलाइन कोर्ट में दूसरे दिन शनिवार को तीन सौ पैतीस अधिवक्ताओं ने मतदान किया। पहले दिन यहां दो सौ इक्यासी वकीलों ने मतदान किया था। वहां कुल छः सौ सोलह मतदाताओं ने दो दिनों में मतदान किया। कुण्डा में कुल छः सौ तिरासी मतदाता रहे। यहां एसीजेएम आकृति गौतम ने पीठासीन अधिकारी के रूप में मतदान प्रक्रिया की देखरेख की।

### शांतिपूर्ण हुआ मतदान राहत में दिखे अफसर

प्रतापगढ़। बार काउन्सिल आफ उत्तर प्रदेश के निर्वाचन में दो दिनों तक न्यायिक अधिकारियों व अधिवक्ता संगठनों की भूमिका सक्रियता में देखी गयी। जूनियर बार एसोसिएसन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, महामंत्री विवेक त्रिपाठी, वकील परिषद के अध्यक्ष इंदुभाल मिश्र, बार एसोसिएसन के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा, जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, मीडिया सचिव विकास मिश्र तथा कई पूर्व अध्यक्ष व पदाधिकारी मतदान प्रक्रिया में सहयोगी की भूमिका में दिन भर सक्रिय दिखे। प्रतापगढ में दो दिनों का अधिवक्ताओं का मतदान सकुशल सम्पन्न होने से न्यायिक तथा प्रशासनिक अधिकारियों को भी शनिवार की शाम राहत में देखा गया। बार काउन्सिल के चुनाव में कुल तीन सौ चैंतीस उम्मीदवारों अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। प्रतापगढ जिले से भी चार प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी महेश, जूनियर बार एसोसिएसन के पूर्व अध्यक्ष विनोद पाण्डेय, अधिवक्ता आनन्द ओझा, कुण्डा के अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह का नाम शामिल है।

## राष्ट्र व समाज के उत्थान में महिलाओं का विशेष योगदान




अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पंचायत गड़वारा के सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में आयोजित सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम में समाज व राष्ट्र के उत्थान पर महिलाओं की भूमिका पर विस्तार से माताओं-बहनों में चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सिंह ने किया। मुख्य अतिथि नमिता पाण्डेय ने कहा कि समाज की महिलाओं को आगे आकर राष्ट्र उत्थान के अपना योगदान देना चाहिए। विशिष्ट अतिथि विभाग संयोजिका महिला विमर्श लक्ष्मी ने कहा बच्चों के विकास में माता की क्या भूमिका होनी चाहिए, जिससे समाज का सर्वांगीण विकास हो सके। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं-बहनों को सम्मानित किया गया। उपप्रधानाचार्य अरविंद तिवारी ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन रिचा सिंह ने किया। इस मौके पर विद्यालय के पूर्व छात्र शहीद सेनानायक रितेश पाल की माता सुशीला देवी, पूर्व प्रधान कृष्णा देवी, सीमा तिवारी, ईशा सिंह समेत विद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित रहे।

## जमीनी विवाद में मारपीट, हवाई फायरिंग मुकदमा दर्ज

बेलखरनाथ धाम। गांव में हवाई फायरिंग से हड़कंप मच गया, बवाल की आशंका को देखते हुए मौके पर पहुंची पुलिस ने दो नामजद दो अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के शिवगढ़ निवासी अबुल हसन के बेटे अब्दुल कलाम ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि शुक्रवार के शाम 5 बजे जमीनी विवाद को लेकर पड़ोसियों द्वारा गाली गलौज के साथ हाथ में अवैध सलाह लेकर हमलावर हो गये, लात घूसों से पिटाई करते हुए हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने का प्रयास किया गया। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोगों आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए देर रात अब्दुल कलाम की तहरीर पर शिवगढ़ गांव निवासी मुस्तफा,मुहीद, पुत्र मुर्तजा उर्फ लल्लन दो अज्ञात के खिलाफ दिलीपपुर पुलिस ने प्राथमिक की दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।थानाध्यक्ष दिलीपपुर बलराम सिंह ने बताया की जमीन को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है, फायरिंग का आरोप गलत है।

## सीडीओ ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपाल नगर का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश



प्रतापगढ़। जनस्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दिव्या मिश्रा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुखपालनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, दवा उपलब्धता एवं पैथोलॉजी व्यवस्था की गहन समीक्षा की गई। सीडीओ ने निरीक्षण के समय उपस्थिति रजिस्टर पर मनोज कुमार पांडे फार्मासिस्ट की उपस्थिति दर्ज न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त की जिस पर डा० सुरेश कुमार एम०ओ० द्वारा बताया गया कि वर्कलोड अधिक होने के कारण इनको सी०एच०सी० पिरथीगंज पर गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार व रविवार पर ड्यूटी लगाई गई है। दवा कक्ष वार्ड में साफ सफाई तथा गंदगी पाये. जाने पर फार्मासिस्ट को कड़ी फटकार लगाई और चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि अतिशीघ्र साफ सफाई एवं खिड़कियों को कवर कराने एवं स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश भी दिये गये। पैथालाजी कक्ष में अनिल कुमार एल०टी० से सभी प्रकार की जाँच की जानकारी मॉगी जिस पर उनके द्वारा बताया गया कि कुल 35 प्रकार की जाँच होती है मरीजों के जॉच की रिर्पोट मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से देने के निर्देश देते हुये सीडीओ ने पैथोलॉजी व्यवस्था पर सन्तोष व्यक्त किया। जन औषधि केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उपस्थित मो० सुहेल द्वारा दवा की उपलब्धता आदि की जानकारी मांगने पर संतोष जनक जबाब न दे पाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा कक्ष की साफ सफाई, दवा का रख रखाव सही कराने का निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 ए0एन0 प्रसाद भी उपस्थित रहे।

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन




प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं माननीय जनपद न्यायाधीशध् अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव कमल पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शांभवी के निर्देशन में पट्टी तहसील क्षेत्र के भारत सिंह इंटरमीडिएट कॉलेज कुम्हिया पट्टी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नशा निषेध, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) एवं कुष्ठ रोग (लेप्रोसी) जागरूकता व बचाव विषयों पर लोगों को विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार पट्टी एवं सचिव तहसील विधिक सेवा समिति पवन कुमार सिंह ने कहा कि नशा मुक्त समाज से ही बेहतर भविष्य का निर्माण संभव है। नशा व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पतन की ओर ले जाता है। उन्होंने बताया कि नशे से गंभीर रूप से ग्रसित व्यक्ति जनपद में स्थापित नशा मुक्ति केंद्रों से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि आमजन के लिए निशुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था उपलब्ध है। इसके लिए तहसील परिसर में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गई है, जहां लोग अपनी कानूनी समस्याओं के समाधान हेतु सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. अखिलेश जायसवाल ने कुष्ठ रोग के लक्षण, सावधानियां एवं बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार सिंह ने समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए लोगों से सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं प्रभारी लीगल एड क्लीनिक तहसील पट्टी राम प्रकाश पाण्डेय ने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) की जानकारी देते हुए बताया कि जिन बच्चों के माता या पिता की मृत्यु 1 मार्च 2020 से अब तक हुई है, वे इस योजना के अंतर्गत पात्र हैं। योजना के तहत एक माता-पिता के अधिकतम दो बच्चों को प्रति बच्चा रुपए 2500 प्रतिमाह भरण-पोषण एवं शिक्षा हेतु महिला कल्याण विभागध्जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से प्रदान किया जाता है। कार्यक्रम में प्रशांत सिंह, राजेश कुमार यादव, राजेंद्र वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पट्टी में मुख्य चौक व आसपास अतिक्रमण पर पुलिस ने कार्रवाई

अखंड भारत संदेश



पट्टी। मुख्य चौक, कोतवाली क्षेत्र, सिविल लाइन सहित कस्बे के विभिन्न स्थानों पर सड़कों की पटरियों और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। अभियान के दौरान सड़क और फुटपाथ पर लगाए गए ठेले, ढाबे एवं अन्य अस्थायी निर्माण हटवाए गए, जिससे आम नागरिकों को आवागमन में राहत मिल सके और यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके।यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर की गई। मौके पर उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश राय, हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी, सतीश पाल तथा पीआरडी जवान अमित कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के कारण पैदल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था, वहीं मुख्य मार्गों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी।अभियान के दौरान कई अतिक्रमणकारियों ने पुलिस की सख्ती देखते हुए स्वयं ही अपने ठेले व सामान हटा लिए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अवैध कब्जों के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।पुलिस ने आमजन से कानून का पालन करने की अपील करते हुए चेतावनी दी कि यदि भविष्य में किसी ने सार्वजनिक संपत्ति, फुटपाथ या सड़क की पटरी पर दोबारा अतिक्रमण किया तो उसके खिलाफ तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण हटने से सड़कें खुलेंगी, यातायात व्यवस्था सुधरेगी और आम लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## न्यूज झरोखा

### सेवानिवृत्त एडीसीओ को दी गई भावभीनी विदाई



बेलखरनाथ धाम। सहकारी समिति के एडीसीओ देवेन्द्र सिंह के सेवानिवृत्त होने पर बेलखरनाथ धाम ब्लाक के साधन सहकारी समिति के सचिवों द्वारा सहकारी बैंक शाखा दीवानगंज पर शनिवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया । विदाई समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व शाखा प्रबंधक सतीश कुमार सिंह ने कहा कि एक अच्छे इंसान की कीमत का पता तब चलता है जब वह हमसे दूर जाने लगता है । एडीसीओ देवेन्द्र सिंह ने सहकारिता के क्षेत्र में 39 वर्ष के लंबे कार्यकाल में जिस तरह अपना दायित्व निष्ठा एवं ईमानदारी पूर्वक निभाया वह सदैव याद किया जाएगा ।इस मौके पर शाखा प्रबंधक वेदिका यादव,सचिव संतोष यादव एवं राम भुवन सिंह सहित अन्य सचिवों ने अपर जिला सहकारी अधिकारी के रिटायर्ड होने पर देवेंद्र सिंह को धार्मिक पुस्तक,अंगवस्त्र, मिष्ठान तथा माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी।उक्त अवसर पर सहकारी समिति खूझीकला के अध्यक्ष रामबोध तिवारी,रुद्रेश विक्रम सिंह,सनी सिंह, सचिव संघ के महामंत्री मोनू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रवेश परीक्षा के आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी तक बढ़ी

प्रतापगढ़। सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह ने बताया है कि उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय बेलहट कोरांव प्रयागराज की प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्र जमा करने की पूर्व में अन्तिम तिथि 31.01.2026 निर्धारित की गयी थी जिसे संशोधित करते हुये आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गयी है, इस तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। उन्होने बताया है कि अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों (जो दिनांक 30.11.2025 को कम से कम 03 वर्ष की सदस्यता पूर्ण कर चुके है) के बच्चे, कोरोना काल में निराश्रित हुये बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के बच्चे प्रवेश हेतु पात्र है। अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन पत्रों का वितरण जनपद के सभी खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय, बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, उपायुक्त मनरेगा कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय एवं तहसील स्तरीय श्रम कार्यालयों से प्राप्त किया जा सकता है। अटल आवासीय विद्यालय सीबीएसई से सम्बद्ध सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त सह-शैक्षिक आवासीय विद्यालय है जिसमें गुणवत्तापूरक शिक्षा, डिजिटल बोर्डध्स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय, स्टेशनरी, स्कूल, ड्रेस, भोजन तथा बालक एवं बालिकाओं के लिये पृथक-पृथक छात्रावास की निःशुल्क व्यवस्था है।

### डॉ. जलज मणि बने राष्ट्रीय परशुराम सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष



पट्टी। राष्ट्रीय परशुराम सेना (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश मिश्र व उनकी कमेटी ने संगठन के मजबूती व विस्तार के लिए रानीगंज तहसील क्षेत्र के जामताली पंडितान गांव निवासी डॉक्टर जलज मणि दुबे को उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्रीय लोगों व कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाएं तथा राष्ट्रीय नेतृत्व को धन्यवाद व्यापित किया है। प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर डॉक्टर जलजमणि दुबे ने कहा कि सौपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वहन करुंगा और परशुराम सेना को ऊंचाइयों पर ले जाने का पूरा प्रयास करूंगा। डॉ. जलज मणि दुबे को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के परमानंद मिश्र,देवेंद्र दुबे, राम अजोर तिवारी,बड़े लाल ओझा, विनय पांडेय, जटाशंकर मिश्र,पदाधिकारियों कार्यकताओं समाजसेवियों बुद्धिजीवियों ने खुशी व्यक्त की है।

### युवती के साथ अभद्रता करने का आरोपी युवक धराया, गया जेल

लालगंज। कोतवाली क्षेत्र की एक युवती के साथ हुई अभद्रता की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। क्षेत्र की एक युवती कोतवाली क्षेत्र में किराये का कमरा लेकर अपनी मां व भाई के साथ रहती है। पीड़ित छात्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती उन्तीस जनवरी को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह कोचिंग जा रही थी। इस बीच रास्ते में मिले लालूपुर लालगंज निवासी विपिन रावत पुत्र राधेश्याम ने उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठा लिया और कस्बा स्थित एक डांस एकेडमी में ले गया। आरोप है कि यहां आरोपी युवक ने पीडिता छात्रा के मांग में सिंदूर लगाकर मंगलसूत्र भी पहना दिया। अगले दिन मंदिर में विवाह की बात करते हुए छोड़ दिया। पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस ने उप निरीक्षक दीपिका सिंह व बृजेश कुमार की अगुवाई में घेराबंदी करके आरोपी युवक को संगियापुर मोड़ से धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार ने बताया कि आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है।

### तीन पर मारपीट का केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केदौरा परसरवा भटनी गांव की निशा देवी पत्नी महन्थ लाल पटेल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस जनवरी की सुबह नौ बजे झाडू लगाने के विवाद में पड़ोसी गालीगलौज करने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों देशराज पुत्र रामकृपाल, विजय कुमार व उसकी मां ने पीड़िता व उसके बच्चों रागिनी व कोमल को मारापीटा तथा जानलेवा धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पति पर मारपीट का दर्ज कराया केस

प्रतापगढ़। पति पर मारपीट व धमकी का आरोप लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस ने तहरीर सौपी है। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के मंगापुर गांव की पूनम देवी पत्नी संतोष उपाध्याय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसके पति गाली देते हुए उसे जबरन मारते पीटते हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी पति दूसरी शादी करने की धमकी भी देते हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत बूथों पर आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गयी




प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत आलेख्य मतदाता सूची प्रकाशन सभी बूथों पर किया गया। नायब तहसीलदार दिनेश चंद्र तिवारी की उपस्थिति में 248 प्रतापगढ़ के बूथ सगरा, चकबनतोड़, सराय खांडेराय आदि बूथों पर स्थानीय लोगों की उपस्थिति में आलेख्य मतदाता सूची पढ़ी गई। नायब तहसीलदार ने सभी स्थानीय लोगों से अपील करते हुये कहा कि जो भी नागरिक 18 साल के हो गए हैं वे सभी लोग फार्म 6 एवं घोषणा पत्र भरकर अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराए, यदि मतदाता सूची में किसी प्रकार का संशोधन है तो उसे आवश्यक करवा ले। सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा ने कहा की सभी बीएलओ यह सुनिश्चित कर लें कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले एक भी मतदाता छूटना नहीं चाहिए, सभी मतदाता अपना नाम सूची में अवश्य सम्मिलित कराए। इस अवसर पर बी.आर.सी. अरविंद, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, बीएलओ आशीष, मधु मिश्रा एवं हरिशंकर आदि उपस्थित रहे। विशेष अभियान तिथि में प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में यदि कही कोई कमी रह गई है तो उस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की गयी।

## माह भर बाद भी हत्यारोपियों का पता नही लगा सकी लालगंज पुलिस

लालगंज। माह भर बाद भी पुलिस हत्यारोपियों का पता नही लगा सकी। इससे पुलिस की किरकिरी हो रही है। लीलापुर थाना क्षेत्र के सरायताल मकई गांव निवासी दिनेश वर्मा 44 पुत्र रामेश्वर वर्मा बीती पन्द्रह दिसंबर की सुबह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। सोलह दिसंबर को वह लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम में तिनमोहनिया के पास गंभीर रूप से घायल पड़ा मिला था। इलाज के दौरान स्वरूपरानी अस्पताल प्रयागराज में सत्रह दिसंबर को घायल दिनेश की मौत हो गयी। घटना को लेकर मृतक के पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। लेकिन घटना के माह भर से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो हत्यारोपियों का पता लगा पायी है और न ही मृतक के गायब ईरिक्शा को ही खोज सकी है। मामले में कोतवाल आलोक कुमार घटना के शीघ्र ही राजफाश का महज दावा ही कर रहे हैं।

## सुरक्षा कारणों से प्रतिकार यात्रा को प्रशासन की अनुमति नहीं, सौंपा ज्ञापन




पट्टी। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए प्रशासन ने पट्टी इलाके में प्रस्तावित प्रतिकार यात्रा को अनुमति देने से इनकार कर दिया। इसे लेकर शनिवार को आयोजक मंडल ने प्रेस वार्ता कर प्रशासन के निर्णय पर आपत्ति जताई, वहीं एसडीएम व सीओ को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

पट्टी क्षेत्र के बाभनपुर गांव में जन्मे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का माघ मेले के दौरान प्रशासन से विवाद हो गया था। बताया गया कि प्रशासन से टकराव के बाद शंकराचार्य जी ने संगम स्नान नहीं किया। उन्होंने प्रशासन के समक्ष कई मांगें रखीं, लेकिन कोई वरिष्ठ अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचा। इसके विरोध में वह माघ मेले में 11 दिनों तक अनशन पर बैठे रहे और अंततः बिना स्नान किए ही अपने काशी विश्वनाथ स्थित आश्रम लौट गए।इसी प्रकरण को लेकर प्रशासन द्वारा की गई कथित बर्बर कार्रवाई के विरोध में शंकराचार्य के शिष्य राजा सक्षम सिंह योगी के संयोजन में पट्टी क्षेत्र में प्रतिकार यात्रा निकाले जाने की योजना थी। आयोजक मंडल ने यात्रा की अनुमति के लिए प्रशासन से आवेदन किया था, लेकिन आरोप है कि धारा 144 का हवाला देते हुए प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया।शनिवार दोपहर करीब एक बजे सक्षम सिंह योगी के आवास पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया। इसके बाद आयोजक मंडल ने सीओ कार्यालय पहुंचकर एसडीएम पट्टी पूर्णेंद्र मिश्र एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा।इस दौरान आचार्य जयराम पांडेय, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव (जिला अध्यक्ष, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रतापगढ़), मुन्नू पांडे, प्रवीण मिश्रा, हरिशंकर विद्यार्थी (जयपुर), तिवारी के बाद जनार्दन तिवारी, सुरेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।वहीं इस संबंध में एसडीएम पट्टी पूर्णेंद्र मिश्र ने बताया कि यात्रा की अनुमति इसलिए नहीं दी गई क्योंकि आवेदन में संख्या बल का स्पष्ट उल्लेख नहीं था तथा यात्रा मार्ग काफी लंबा दशार्या गया था। साथ ही माघ मेला, रूट डायवर्जन, बार चुनाव और धारा 144 लागू होने के चलते पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था संभव नहीं थी, जिस कारण अनुमति देना संभव नहीं हो सका।

# कन्थुवा में बाबा साहेब अम्बेडकर पार्क व सार्वजनिक पुस्तकालय की आधारशिला, सामाजिक न्याय का दिया संदेश



**अझुवा कौशाम्बी** भारत रत्न, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति में कन्थुवा में प्रस्तावित डॉ.भीमराव अंबेडकर पार्क एवं सार्वजनिक पुस्तकालय की आधारशिला समारोह पूर्वक रखी गई। यह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, शिक्षा और समानता के संदेश के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री मतेश चन्द्र सोनकर रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार विनय सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी अंकित मिश्रा ने की तथा संचालन सागर निषाद ने किया।मुख्य अतिथि मतेश चन्द्र सोनकर ने अपने संबोधन में भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्षों और सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का नारा शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो आज भी देश और समाज को दिशा देने वाला मंत्र है। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने छुआछूत जैसी कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया और महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए। उनका सपना जाति-मुक्त, शोषण-मुक्त और न्यायपूर्ण समाज का था, जिसे साकार करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार विनय सिंह ने कहा कि बाबा साहेब ने विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान बनाकर भारत को लोकतंत्र की मजबूत नींव दी। उन्होंने कहा कि डॉ.अंबेडकर का जीवन संघर्ष,साहस और आत्मसम्मान की प्रेरक गाथा है। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को अपना हथियार बनाकर समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाए।इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अशोक गौतम ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ.अंबेडकर का पूरा जीवन सामाजिक न्याय और समानता की स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने युवाओं से बाबा साहेब के विचारों को अपनाने और शिक्षा को प्राथमिकता देने की अपील की।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी अंकित मिश्रा ने कहा कि अंबेडकर पार्क और सार्वजनिक पुस्तकालय क्षेत्र के लोगों, विशेषकर युवाओं के लिए शिक्षा और जागरूकता का केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि पुस्तकालय समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम के अंत में संचालन कर रहे सागर निषाद ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, युवा और बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद रहे। लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने और सामाजिक समानता व भाईचारे को मजबूत करने का संकल्प लिया।इस कार्यक्रम में सागर निषाद, ब्रम्ह प्रसाद त्रिपाठी, मुन्ना तिवारी, जगरूप गौतम, सूयर्भान गौतम,ओम प्रकाश पाल, राजकरन पाल, उमेश प्रजापति, सूबेदार सिंह यादव, अशोक गौतम, संतलाल पाल, धनराज यादव, अखिलेश यादव, गुलाब गौतम,बौद्ध जी, रंजीत पाल,अमित पाल के साथ साथ हजारों की संख्या में लोग एकत्रित रहे।

## उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कौशांबी जनपद भ्रमण कार्यक्रम

**कौशांबी** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 01 फरवरी,2026 को पूर्वान्ह 10.50 माँ शीतला देवी अतिथि गृह,सयारा पहुँचेगें एवं जनप्रतिनिधियों व पाटी कार्यकर्ताओं के साथ भेंट करेंगे, तदोपरान्त विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।उप मुख्यमंत्री जी मध्यान्ह 12:00 बजे जिला उद्यान कार्यालय परिसर, मंझनपुर में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजनान्तर्गत निर्मित कॉमन इन्क्यूबेशन सेन्टर के उद्घाटन/लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे,तदोपरान्त ब्लाक परिसर मंझनपुर में सरस हाट का शुभारम्भ एवं स्वयं सहायता समूहों को दुकानों का आवंटन करेंगे तथा डायट मैदान,मंझनपुर में स्वयं सहायता समूहों के स्टालों का अवलोकन एवं खा.प्र.उ. नीति-23, पीएमएफएमई के उद्यमियों, डी.आर.पी. एवं उद्यमी मित्र को प्रशस्ति पत्र वितरित करेंगे उप मुख्यमंत्री जी दिनांक 02 फरवरी, 2026 को पूर्वान्ह 10:15 बजें लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## न्यूज झरोखा

### एम.एस.कॉन्वेंट एवं इंटर कॉलेज में हुआ भावभीनी फेयरवेल समारोह का आयोजन



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के चमरूपुर स्थित एम.एस कॉन्वेंट एवं इंटर कॉलेज में कक्षा उत्तीर्ण कर रहे छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य फेयरवेल समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विदाई के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों गीत, नृत्य,भाषण एवं नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों को भावविभोर कर दिया।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने संबोधन में कहा कि विद्याथी अनुशासन,परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाकर जीवन में ऊँचाइयों को छुएं। इस अवसर पर विद्यालय की ओर से छात्र-छात्राओं को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।समारोह के दौरान माहौल भावुक एवं उल्लासपूर्ण बना रहा छात्र-छात्राओं ने अपने विद्यालय जीवन की यादों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता प्रकट की कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. फैसल,डायरेक्टर मोहम्मद सलीम, कोखराज थाना प्रभारी चंद्रभूषण मौर्य,प्रधान प्रतिनिधि कोखराज मोहम्मद नसीम,प्रधानाचार्य सबीना सलीम,शुक्ला रामसुमेर आदि रहे।

### खबर का असर,अधिशाषी अधिकारी पहुंची धोबीघाट तालाब



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर में स्थित सौंदयीकृत धोबी घाट तालाब का अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने निरीक्षण किया उन्होंने शौचालय गंदगी,टूट हुए दरवाजे, तालाब में आ रहे दूषित पानी की समस्या देखी,अधिशाषी अधिकारी रश्मि सिंह ने मौके पर सफाई नायक को साफ सफाई का सख्त निर्देश दिया तालब में मुहल्ले का दूषित पानी आने की बाबत बताया जेई से मीटिंग कर समस्या का स्थाई हल निकाला जायेगा।बता दें कि आपके अखंड भारत संदेश समाचार पत्र ने आज 31 जनवरी को 2.59 करोड़ में बना धोबिघाट तालाब का हाल बेहाल की खबर प्रकाशित की थी।

### मरम्मत के दो वर्ष बाद सड़क किनारे जानलेवा गड्ढे



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा से टांडा होकर अलीपुर जीता को जाने वाला मुख्य मार्ग मरम्मत के 2 साल बाद खस्ता हाल हो गया है सड़क किनारे दजर्नों जगहों पर बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं थोड़ा किनारे उगी झाड़ियां के कारण यह बड़े-बड़े गड्ढे दिखाई नहीं देते जिससे आए दिन हादसा होता रहता है इस संबंध में कई बार शिकायत हुई लेकिन जिम्मेदार सड़क की शुद्ध लेने को तैयार नहीं है बता दे इस सड़क से टांडा,भैराएं,नंदेमई अलीपुर जीता, कोरका सहित दजर्नों गांवों के लिए ऑटो रिक्शा,बाइक सवार,स्कूली बच्चे व स्कूल के बसों का आवागमन होता है।करीब 2 वर्ष पहले करोड़ों की लागत से 14 किलोमीटर लंबी इस सड़क का मरम्मती करण किया गया था,ठेकेदार ने सड़क किनारा मजबूती नहीं दिया जिससे बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से समस्या निस्तारण की मांग की है।

### महिला सफाई कमर्चारी को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई



**अझुवा कौशांबी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा में सफाई कमर्चारी के पद पर तैनात निमर्ला देवी के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किए गया जिसमें आदर्श नगर पंचायत अधिकारी, चेयरमैन ने सेवा निवृत्ति प्रमाणपत्र, अंगवस्त्र,मिस्ठान कर्मचारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया इस दौरान उनके द्वारा किए गए सफाई कार्य की सराहना की गई सफाई विभाग में पदस्थ महिला कमर्चारी निमर्ला देवी ने 31 वर्ष 3 माह नगर पंचायत में अपनी सेवा दी है। अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष शांति देवी कुशवाहा ने महिला सफाई कमर्चारी निमर्ला देवी के सेवानिवृत होने पर उनके उज्जवल भविष्य और दीर्घायु की कामना की है इस दौरान सफाई कमर्चारियों ने ढोल नगाड़े के साथ निमर्ला देवी को उनके आवास तक पहुंचाया है इस मौके पर सीमा देवी रेखा देवी,बेनी,शिवकरण प्रेम सहित नगर के सभी सफाई कमर्चारी मौजूद रहे।

### मनरेगा योजना गरीबों की ताकत है : कांग्रेस



**कौशाम्बी** चायल विधानसभा अन्तर्गत ग्राम पंचायत इमामगंज में कांग्रेस पाटी द्वारा चलाए गए मनरेगा बचाओ अभियान के तहत जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय के निर्देशानुसार मनरेगा कार्यक्रम के को आडिर्नेटर मोहम्मद की उपस्थिति में चौपाल लगाकर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मनरेगा योजना गरीबों मजलूमों की ताकत है लेकिन सरकार इस योजना का नाम बदलकर जनता को भ्रम में रखकर इस योजना को समाप्त करना चाहती है लेकिन हमारा यह कर्तव्य है कि कांग्रेस पाटी के द्वारा चलाए गए गरीबों की हितकारी योजना को सुरक्षित रखें.।इस दौरान वक्ताओं ने बताया कि मनरेगा ही नहीं बल्कि हमारी सरकार ने गरीबों को सशक्त बनाने के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं को चलाया जिसे भाजपा सरकार ने या तो निजीकरण कर दिया या फिर नाम बदलकर धीरे से समाप्त कर दिया वक्ताओं ने बताया कि सरकार के पास धर्म और जाति के अलावा कोई जनमुद्दा नहीं है लोगों को उलझाकर उनसे उनका अधिकार छीन लेती है लेकिन अब समय समीप है आगामी चुनावों में हम इन्हें अपने मत से जवाब देंगे कार्यक्रम में तमाम लोग उपस्थित रहे!

### पल्हाना गंगा स्नान घाट पर चला विशेष सफाई अभियान




**हरराायपुर कौशाम्बी** जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी में वार्ड नंबर 19 धमर्राज नगर स्थित पल्हाना गंगा स्नान घाट पर शुक्रवार को स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत स्वच्छ बसन्त अभियान चलाया गया।इस अभियान के दौरान गंगा घाट एवं आसपास के क्षेत्र की विशेष सफाई की गई, कचरा एकत्रित किया गया, प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट को हटाया गया तथा घाट को स्वच्छ, सुंदर एवं पवित्र बनाने का प्रयास किया गया।ईओ राम सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य है कि बसन्त के आगमन के साथ हमारा पर्यावरण भी स्वच्छ एवं सुंदर बने, गंगा माँ के इस पावन घाट को स्वच्छ रखना हम सबकी साझा जिम्मेदारी है,जिसके लिए स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के तहत स्वच्छ बसन्त अभियान चलाया गया है,जिसमें गंगा घाट की सफाई कराई गई है,जिससे स्वच्छ वातावरण में माघी पूर्णिमा के पर्व पर श्रद्धालु गंगा स्नान कर पुण्य फल प्राप्त कर सके।यह कार्य नगर पालिका परिषद भरवारी के कर्मचारियों, सफाई कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों के सहयोग से ही संपन्न और संभव हो पाया है।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत जनपद कौशाम्बी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**कड़ा कौशांबी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माहझ2026 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के निर्देशन में जनपद कौशाम्बी में सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु विशेष अभियान चलाया गया।कड़ाधाम थाना पुलिस द्वारा दिनांक 30.01.2026 को अभियान के दौरान ग्राम सौरई बुजुर्ग में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आमजन को जागरूक करते हुए बताया गया कि बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट वाहन न चलाएं शराब पीकर वाहन चलाना गंभीर अपराध है यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें साथ ही पंपलेट वितरण के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। किसी भी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाने तथा 108 एम्बुलेंस सेवा की सहायता लेने के लिए प्रेरित किया गया।जनसामान्य को यह भी अवगत कराया गया कि शासन की ह्लगुड सेमेरिटन योजनाह्व के अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल को समय से उचित उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे सरकार द्वारा ?25,000/- की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है तथा उसका नाम-पता बताने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना रहा।

## माघ मेला के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में यातायात डायवर्जन लागू

**कौशांबी।** माघ मेला 2025झ26 के अंतर्गत मुख्य स्नान पर्वो को दृष्टिगत रखते हुए जनपद कौशाम्बी से होकर गुजरने वाले यातायात हेतु विशेष डायवर्जन व्यवस्था आज रात्रि 12 बजे से प्रभावी की जा रही है। इस दौरान भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।कानपुर से प्रयागराज वाराणसी की ओर जाने वाला यातायात कानपुर की ओर से आने वाले वाहनों को कोखराज (कौशाम्बी) से बायपास मार्ग पर मोड़ दिया जाएगा, जो बायपास से सीधे हंडिया होते हुए वाराणसी की ओर जाएगा वाराणसी से कानपुर की ओर जाने वाले वाहन हंडिया बायपास होते हुए कोखराज से कानपुर जाएंगे कानपुर से प्रयागराज औराई मिर्जापुर की ओर जाने वाला यातायात सभी प्रकार के वाहन कोखराज से बायपास मार्ग पर मुड़कर हंडिया औराई होते हुए चिल्ह (मिर्जापुर) की ओर जाएंगे। वाराणसी से कानपुर नगर एवं फतेहपुर से चित्रकूट जाने वाला यातायात इस मार्ग के वाहन कोखराज, सैनी, सिराथू, धाता, हिनौता मोड़, महेवाघाट, राजापुर होते हुए चित्रकूट जाएंगे।चित्रकूट से वाराणसी, फतेहपुर एवं कानपुर नगर की ओर जाने वाला यातायात चित्रकूट से आने वाले वाहन राजापुर, मेहदाघाट, हिनौता मोड़, धाता, सिराथू, सैनी होते हुए कोखराज बायपास से अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।जनसामान्य से अपील है कि यात्रा से पूर्व निर्धारित डायवर्जन मार्गो का पालन करें तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का सहयोग करें, जिससे मेला अवधि में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहें।

## युवक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र की एक युवती को पिछले डेढ़ वर्ष से शादी का झासा देकर युवक ने कई बार शारीरिक सम्बन्ध बनाया तथा अश्लील फोटो व वीडियों बनाकर ब्लैकमेल करते हुये जान से मारने की धमकी दी है हालांकि डेढ़ वर्षो के बीच युवती ने युवक को झांसा देकर तमाम रुपए ठग लिए हैं जब रुपए का लेनदेन का विवाद हुआ तो मामला पुलिस की चौखट तक पहुंचा है मंझनपुर में 14 जनवरी को सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 30.01.2026 को थाना मंझनपुर पुलिस ने मुकदमा से सम्बन्धित अभियुक्त ओमकार सोनकर पुत्र छंगा उर्फ छोटा छंगा सोनकर निवासी कितीखेड़ा थाना ललौली जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

## पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में 2 मिनट का मौन रखकर महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय परिसर में दिनांक 30.01.2026 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कमर्चारियों द्वारा महात्मा गांधी जी के सत्य अहिंसा एवं राष्ट्रसेवा के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी अधिकारियों व कमर्चारियों को कर्तव्यनिष्ठा,अनुशासन एवं जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा फरियादियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु ऑनलाइन संवाद

**कौशाम्बी।** जिले में फरियादियों की समस्याओं के त्वरित, प्रभावी एवं पारदशी निस्तारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा एक अभिनव एवं सराहनीय पहल की जा रही है।इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों पर उपस्थित फरियादियों की शिकायतों एवं समस्याओं के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों से ऑनलाइन माध्यम से संवाद स्थापित किया जा रहा है।इस ऑनलाइन संवाद के दौरान फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा प्रत्येक प्रकरण का वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण नियमानुसार हो तथा फरियादियों को अनावश्यक रूप से बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## एसपी ने किया रिजर्व पुलिस लाइन में परेड व वार्षिक निरीक्षण

**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन कौशाम्बी में सर्वप्रथम साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों की शारीरिक दक्षता, अनुशासन, टर्नआउट एवं ड्रिल का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।परेड उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन का वार्षिक निरीक्षण भी किया गया।इस दौरान शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय,आवासीय परिसर क्वार्टर गार्ड, वाहन शाखा, स्टोर,कार्यालयों एवं अन्य महत्वपूर्ण शाखाओं का गहन निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के समय साफ सफाई,अभिलेखों के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्थाओं, पुलिसकर्मियों की वदी एवं उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों कमर्चारियों को आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिसकर्मियों की समस्याओं को भी सुना गया एवं उनके त्वरित समाधान हेतु आश्वासन दिया गया। अंत में उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध रहकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## नाबालिग बालिका से छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 28 जनवरी को नाबालिग बच्ची घर के बाहर खेल रही थी तभी उसको बिस्किट का लालच देकर घर के अन्दर ले जाकर उसके साथ युवक ने अश्लील हरकत की उलाहना देने पर बच्ची की माँ के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी मंझनपुर कोतवाली पर अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 31.01.2026 को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ टुन्जा पुत्र गिरधारी सरोज निवासी ग्राम शमसाबाद थाना मंझनपुर को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## चिकित्सा प्रकोष्ठ और शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की कांग्रेस ने की तैनाती

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के द्वारा जनपद कौशाम्बी से जिला कांग्रेस कमेटी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्षपद की जिम्मेदारी डॉक्ट्र गुलजार अहमद को,व जिला कांग्रेस कमेटी के शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी विनोद पाण्डेय को शीर्ष नेतृत्व ने सौंपी है इस पर जिलाध्यक्ष गौरव पाण्डेय ने बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनपद में इन प्रकोष्ठ के अध्यक्षों के गठन से पाटी में नई उर्जा का संचार होगा हम नवनियुक्त दोनों प्रकोष्ठों के अध्यक्षों को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हैं और यह आशा करते है कि शीर्ष नेतृत्व के द्वारा मिले इस जिम्मेदारी को पूरी इमानदारी से निर्वाहन करेंगे.साथ ही संगठनात्मक कार्यो में इनकी भी भूमिका अहम रहेगी।

## युवती से मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के घुमाई गांव में बीते 29 जनवरी को एक युवती के साथ पास के पड़ोसियों ने मारपीट की थी जिसका सैनी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई है।घटनाक्रम के मुताबिक विजय पुत्र संतोष निवासी धुमाई ने आरोप लगाया कि उसकी बालू गांव की गुड़िया पत्नी भैया लाल के घर के पास पड़ी थी जिसको गुड़िया देवी उठाकर ले जा रही थी जब विजय ,उसकी बहन करीना ने मना किया तो गुड़िया पत्नी भैया लाल राकेश उर्फ छमनी की औरत रामकली एवं फूलचंद उर्फ मोटू की पत्नी ने उसकी बहन करीना के साथ लाठी डंडे व लात घूसों से मारपीट कर जख्मी कर दिया।जब विजय कुमार छुड़ाने गया तो जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए सैनी कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की धर पकड़ में जुड़ गई है।

## चचेरी बहन के साथ गई किशोरी गायब,पुलिस तलाश में जुटी

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के तिलोकपुर गांव चचेरी बहन के साथ आई किशोरी गायब हो गई ।विनोद कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी कृपालपुर थाना खागा जनपद फतेहपुर ने सैनी कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि दिनांक 30 1.2026 को समय करीब 10:00 बजे उसकी भतीजी रूबी देवी पुत्री दीपक चंद्र निवासी विजयीपुर थाना किशनपुर फतेहपुर के साथ उसकी पुत्री जानकी उम्र करीब 15 वर्ष सैनी थाना क्षेत्र के तिलोकपुर गांव आई थी वहीं से उसकी पुत्री जानकी गायब हो गई पीड़ित विनोद कुमार ने संभावित जगहों में तलाश किया लेकिन जब उसकी पुत्री कहीं नहीं मिली तो सैनी कोतवाली में तहरीर देकर पुत्री बरामद करने की गुहार लगाई वहीं सैनी कोतवाली पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर किशोरी की तलाश में जुड़ गई है।

## फरसे से जानलेवा हमला करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के छोटा लाला,चायल निवासी राम बहोरे पर 16 जनवरी को फरसे से जानलेवा हमला कर गम्भीर घायल कर दिया गया था पत्नी कुसूम देवी ने थाना पुलिस को सूचना दी कि गांव के ही निवासी राम नरेश पुत्र शंकर लाल द्वारा उनके पति के साथ गाली-गलौज की गई विरोध करने पर अभियुक्त ने फरसे से जानलेवा हमला कर दिया,जिससे उनके पति के सिर में गंभीर चोटें आईं। इस संबंध में थाना पिपरी पर अभियोग पंजीकृत हुआ विवेचना के क्रम में साक्ष्य संकलन करते हुए 31.01.2026 को अभियुक्त राम नरेश पुत्र शंकर लाल निवासी छोटा लालापुर,थाना पिपरी को लालापुर गांव से पुलिस ने गिरफ्तार किया विधिक कार्रवाई के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया है।

## भैंस चोरी के बाद चार पहिया सवार उठा ले गए 25 कबूतर वा नगद रुपए

**कौशांबी** चार पहिया गाड़ी से भैंस गाय की चोरी करने वाला गिरोह लंबे समय से सक्रिय है भैंस चोरी करने के साथ-साथ अब वह कबूतर भी चोरी करने लगा है बीती रात संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोहिद्दीन पुर गांव में वकील अहमद पुत्र वसी अहमद घर के पास 35 कबूतर पाल रखे थे आधी रात को चार पहिया गाड़ी से कुछ बदमाश पहुंचे और 25 कबूतर उठा ले गए हैं बगल में उनकी पान की गुमटी रखी थी गोमती का भी ताला तोड़ दिया है और एक हजार रुपए नगद वा गोमती से पान का सामान भी उठा ले गए हैं आवाज सुनकर घर परिवार के लोग जाग गए और बदमाशों का पीछा किया तो बदमाशों ने तमंचा लहराते हुए फायरिंग की है और प्रयागराज की ओर भाग गए हैं मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है

## सैनी कोतवाली के दो हिस्ट्रीशीटरों का काला चिट्ठा हुआ समाप्त

**कौशांबी** सैनी कोतवाली क्षेत्र में दर्ज दो हिस्ट्रीशीटर अपराधियों मंजूर हसन और बंटा का पुलिस रिकॉर्ड अब हमेशा के लिए समाप्त कर दिया गया है। दोनों की मृत्यु के उपरांत पुलिस अधीक्षक के आदेश पर उनके खिलाफ दर्ज हिस्ट्रीशीट फाइल को औपचारिक रूप से नष्ट किया गया।यह कार्रवाई क्षेत्राधिकारी सिराथू की मौजूदगी में थाना सैनी परिसर में नियमानुसार की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अपराधियों की मृत्यु के बाद उनके नाम से संचालित हिस्ट्रीशीट को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता, इसी क्रम में यह प्रक्रिया पूरी की गई।फाइल नष्ट किए जाने के साथ ही थाना सैनी के पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज इन दोनों अपराधियों का अध्याय अब हमेशा के लिए बंद हो गया है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई विभागीय नियमों और प्रक्रिया के तहत की गई है।

## बालिका से छेड़खानी और मारपीट करने वाला अभियुक्त 01 वर्ष कारावास तथा 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित

**कौशांबी** मोहब्बतपुर पंइसा क्षेत्र में 6 वर्ष पहले एक बालिका के साथ छेड़छाड़ की गई विरोध करने पर नरेन्द्र सिंह द्वारा बालिका से मार-पीट करते हुये गाली गलौज की गयी मु0अ0सं0 119/19 धारा 354/323/506 भादवि व 7/8 पॉक्सो एक्ट दिनांक 19.10.2019 को पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ जिससे सम्बन्धित अभियुक्त नरेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 बचान सिंह निवासी मैदहाई थाना मोहब्बतपुर पइंसा को दिनांक 31.01.2026 को न्यायालय स्पे0 जज पॉक्सो एक्ट जनपद कौशाम्बी द्वारा अभियुक्त को 01 वर्ष के साधारण कारावास व 1000/- रू0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## सेवानिवृत्त पुलिस कमियों का भव्य एवं सम्मानपूर्ण पुलिस कार्यालय में हुई विदाई

**कौशांबी** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में दिनांक 31.12.2025 को उत्तर प्रदेश पुलिस में अपनी दीघर्कालिक, निष्ठापूर्ण एवं अनुकरणीय सेवाएँ प्रदान कर सेवानिवृत्त हो रहे पुलिस कमियों के सम्मान में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे सभी पुलिसकमियों को पुष्पमाला पहनाकर,अंगवस्त्र भेंट कर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए उनके द्वारा विभाग को दी गई उत्कृष्ट सेवाओं की सराहना की गई।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है,जो वर्षो की मेहनत,कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के उज्ज्वल, स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनके अनुभवों को विभाग के लिए प्रेरणास्रोत बताया।विदाई समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी जनेश्वर प्रसाद पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी मंझनपुर शिवांक सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक कौशाम्बी सहित अन्य अधिकारी एवं कमर्चारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कमियों के साथ अपने कायर्काल के अनुभव साझा किए एवं उनके योगदान की सराहना की गयी सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकमियों में उ0नि0 ( लिपिक ) अनिल कुमार शर्मा वा उ0नि0ना0पु0 राजेश कुमार पाठक वा उ0नि0ना0पु0 विजय बहादुर यादव शामिल है जिन्होंने विभाग के के प्रति आभार व्यक्त किया है

## दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी।** संदीपनघाट थाना क्षेत्र से 24 अप्रैल 2025 को नाबालिग बालिका को एक युवक बाहर भाग ले गया था युवक ने बालिका के साथ दुष्कर्म किया बाद में पुलिस ने बालिका को बरामद कर लिया घटना को धीरे-धीरे 9 महीने बीत गए आरोपी युवक की पुलिस तलाश कर रही थी संदीपनघाट थाना पर अभियोग पंजीकृत हुआ विवेचना के क्रम में पीडिता के बयान व साक्ष्य संकलन के आधार पर धारा 65(1) बीएनएस एवं 3/4(2) पॉक्सो एक्ट की बढोत्तरी हुई उपरोक्त क्रम में दिनांक 31.01.2026 को थाना संदीपनघाट पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त रवि पुत्र शंकर निवासी गौसपुर थाना संदीपनघाट को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

## नाबालिक बालिका को भगा कर दुष्कर्म करने वाला नाबालिक बालक हुआ गिरफ्तार

**कौशांबी** थाना कौशाम्बी क्षेत्र से 27 जनवरी को एक नाबालिक बालिका को उसके ही गांव का एक नाबालिक बालक समझा बुझा कर घर से बाहर भगा ले गया और नाबालिक बालिका से शादी की बात कह कर नाबालिग युवक ने उसके साथ दुष्कर्म भी किया जिले में नाबालिक बालिकाओं के साथ नाबालिग बालकों द्वारा दुष्कर्म किए जाने की घटनाएं तेजी से बढ़ी है हालांकि इस तरह के मामलों में कानून कुछ भी कह रहा हो लेकिन नाबालिक बालक और नाबालिक बालिकाओं की सहमत से ही शारीरिक संबंध बन रहा है बाद में दुष्कर्म की घटनाओं की सूचनाए परिवार के लोगों द्वारा पुलिस को दी जा रही हैं नाबालिग बालकों द्वारा नाबालिक बालिकाओं के साथ किए जाने वाली दुष्कर्म जैसी घटनाएं बड़ी चिंता का विषय है बालिकाएं तो घर चली जाती हैं लेकिन नाबालिन बालकों को जेल जाना पड़ रहा है जिससे उनका भी भविष्य बर्बाद हो रहा है घटनाओं के बाद नाबालिक बालकों के संरक्षण में बनाए गए कानून भी उनकी मदद नही कर पाता है नाबालिक बालिका को भगाने का कौशाम्बी थाना पर अभियोग पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में दिनांक 31.01.2026 को मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी नाबालिक बालक को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में पुलिस द्वारा लिया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात बाल अपचारी नाबालिग बालक को न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया

# पुल और सड़क निर्माण में योगी सरकार के चोर ठेकेदारों ने लूट लिया सरकारी खजाना




**टेढ़ीमोड़ कौशांबी** सिराथू तहसील क्षेत्र से प्रतापगढ़ को जोड़ने के लिए शहजादपुर में गंगा नदी पर दुर्गा भाभी सेतु का निर्माण योगी सरकार के कायर्काल में करोड़ों की लागत से हुआ था लेकिन निर्माण में घटिया क्वालिटी के सामग्री के प्रयोग के चलते पुल में भी जगह-जगह सरिया दिखाई पड़ने लगी है दरारें आ गई थी और सड़कों की हालत तो दुदर्शा से भरी है पूल को जोड़ने वाली सड़क के खराब होने के बाद इन दिनों राहगीरों के आवा गमन में तमाम समस्याएं हो रही हैं सवाल उठता है कि यदि निर्माण में लगे ठेकेदारों ने घटिया निर्माण किया तो मानिटरिंग करने वाले विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उस समय क्या कर रहे थे केवल ऑफिस में बैठकर गुणवत्तापूर्ण निर्माण का निर्देश दे रहे थे या फिर निर्माण में लगे ठेकेदारों से अफसर हिस्सा वसूली तक सीमित रहे जिससे घटिया निर्माण हो गया और समय के पहले सड़क खराब हो गई घटिया निर्माण के बाद भी ठेकेदारों का भुगतान नहीं रोका गया उनको ब्लैक लिस्ट नहीं किया गया उन पर मुकदमा नहीं दर्ज कराया क्या जिससे सड़क निर्माण के जिम्मेदार अफसर पर बड़े सवाल खड़े हैं करोड़ों की लागत से बने दुर्गा भाभी सेतु गंगा पुल को जोड़ने वाली यह महत्वपूर्ण सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है प्रतापगढ़ जनपद को जोड़ने के लिए यह महत्वपूर्ण सड़क और पुल है जिससे प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है ग्रामीणों और राहगीरों के अनुसार यहां पर ओवरलोड बालू से लदे वाहनों का आवागमन होता है इस कारण कई महीने से सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है सड़क खराब होने के चलते कई बार कई वाहन पलट गए हैं जिससे दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं लेकिन अभी तक जिम्मेदार की निगाहें इस गड्ढे तक नहीं पहुंच सकी क्या जिम्मेदार एक बड़ी घटना का इंतजार कर रहे हैं या फिर इससे अंजान बने हुए हैं लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए गए करोड़ों की लागत से दुर्गा भाभी सेतु पुल व सड़क गड्ढे में तब्दील है जहां से स्कूली बच्चों का वाहन वा दो पहिया चार पहिया ई रिक्शा का आवागमन होता है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे होने के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है सड़क और पुल निर्माण में हेरा फेरी के मामले में यदि शासन प्रशासन ने जांच कराई तो तत्कालीन अफसर के साथ-साथ सड़क निर्माण में लगे कायर्दायी संस्थाओं वा ठेकेदारों की भी मुसीबत बढ़ेगी

# शिक्षा खौफनाक नहीं, बल्कि स्नेह एवं हौसलों का माध्यम बने

-ललित गर्ग-

**जीवन** को दिशा देने वाली शिक्षा यदि भय, हिंसा और दमन का पर्याय बन जाए तो वह सभ्यता की सबसे बड़ी विडंबना कही जाएगी। हाल के वर्षों में पढ़ाई के नाम पर बच्चों पर बढ़ते दबाव, घर और स्कूल में हिंसक व्यवहार तथा प्रतिस्पर्धा की अंधी दौड़ ने शिक्षा की आत्मा पर गहरा आघात किया है। फरीदाबाद की उस हृदयविदारक घटना ने, जिसमें महज गिनती न सीख पाने के कारण एक मासूम बच्ची को पिता की क्रूरता ने मौत के मुंह में धकेल दिया, पूरे समाज को कठघरे में खड़ा कर दिया है। इस तरह खौफनाक होती पढ़ाई अब केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि जन-जन से जुड़ी विडम्बना बनती जा रही है। इस तथाकथित शिक्षा की विकृत मानसिकता का भयानक परिणाम है कि आज भी यह माना जाता है कि डर और मार से बच्चों को बेहतर बनाया जा सकता है। ज्ञान की इस सदी में यह सोचना ही शर्मनाक है कि पढ़ाई के नाम पर किसी बच्चे से उसका जीवन, उसका बचपन, उसका आत्मविश्वास छीना जा सकता है।

आज शिक्षा धीरे-धीरे मानवीय संवेदनाओं से कटती जा रही है। परीक्षा परिणाम, रैंक, अंक तालिका और प्रतिस्पर्धा के आंकड़े शिक्षा का चेहरा बनते जा रहे हैं। अभिभावक अपने अधूरे सपनों का बोझ बच्चों के नाजुक कंधों पर लाद देते हैं और स्कूल उन्हें प्रदर्शन की मशीन मानकर आंकने लगते हैं। परिणाम यह होता है कि बच्चा पढ़ाई को उत्सव या खोज की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक खौफनाक दायित्व के रूप में देखने लगता है। घर, जो सबसे सुरक्षित और स्नेहपूर्ण स्थान होना चाहिए, वहीं डर का अड्डा बन जाता है। स्कूल, जो जिज्ञासा और रचनात्मकता को पंख देने का माध्यम होना चाहिए, वह दंड और अपमान का स्थल बन जाता है। ऐसे में मासूम मन कहां जाए, किससे अपने भय और असहायता को साझा करे। मनोविज्ञान और शिक्षा शास्त्र के तमाम अध्ययन यह स्पष्ट कर चुके हैं कि हिंसा, डांट, डर और अपमान बच्चों की सीखने की क्षमता को नष्ट करते हैं। डर के माहौल में बच्चा न तो प्रश्न पूछ पाता है, न प्रयोग कर पाता है और न ही अपनी गलतियों से सीख पाता है। उसकी स्मरण शक्ति, एकाग्रता और निर्णय क्षमता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। धीरे-धीरे वह हीनभावना का शिकार हो जाता है और स्वयं को अयोग्य समझने लगता है। यह कुंठा केवल बचपन तक सीमित नहीं रहती, बल्कि पूरे जीवन उसके व्यक्तित्व पर छाया की तरह मंडराती रहती है। ऐसे बच्चे बड़े होकर भी जोखिम लेने से डरते हैं, अपनी बात रखने में संकोच करते हैं और जीवन की प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास के अभाव में पिछड़ जाते हैं। यह शिक्षा नहीं, बल्कि एक तरह का मानसिक शोषण है।

हमारी सबसे बड़ी भूल यह है कि हम हर बच्चे को एक ही मापदंड से आंकना चाहते हैं। जबकि सच्चाई यह है कि हर बच्चा अपने आप में विशिष्ट है। किसी की रुचि गणित में है तो किसी की कला में, कोई खेल में खिलता है तो कोई संगीत या साहित्य में। प्रकृति ने हर बच्चे को किसी न किसी विशेष क्षमता के साथ भेजा है, लेकिन हम उसे पहचानने की बजाय एक तयशुदा पाठ्यक्रम और अपेक्षाओं की बेड़ियों में जकड़ देते हैं। नई शिक्षा नीति 2020 ने बहुआयामी शिक्षा, रुचि आधारित सीख और मूल्यपरक दृष्टि की बात जरूर की है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी भी अंक और रैंक की मानसिकता हावी है। कोचिंग संस्कृति, बोर्ड परीक्षाओं का भय और प्रवेश परीक्षाओं की दौड़ ने शिक्षा को और भी संकीर्ण बना दिया है। इसके साथ ही यह भी एक कटु सत्य है कि कई बच्चे जन्मजात, आनुवंशिक या परिस्थितिजन्य कारणों से सीखने में कठिनाई महसूस करते हैं। दृष्टि दोष, श्रवण समस्या, डिस्लेक्सिया,



मानसिक तनाव या पारिवारिक अस्थिरता जैसी स्थितियां उनके शैक्षणिक प्रदर्शन को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे बच्चों को सबसे अधिक समझ, धैर्य और सहारे की आवश्यकता होती है, लेकिन दुर्भाग्य से वही बच्चे सबसे पहले डांट और दंड का शिकार बनते हैं। शिक्षक और अभिभावक उनकी समस्या को समझने की बजाय उन्हें आलसी या अयोग्य ठहरा देते हैं। यह रवैया न केवल अमानवीय है, बल्कि भविष्य की पीढ़ी के साथ अन्याय भी है।

शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है। यदि शिक्षा अहिंसा, करुणा, सहानुभूति और आत्मसम्मान का पाठ नहीं पढ़ाती, तो वह अधूरी है। बच्चों को सिखाने का सबसे प्रभावी माध्यम उदाहरण होता है। जब वे घर और स्कूल में संवाद, धैर्य और प्रेम देखते हैं, तभी वे भी वही मूल्य आत्मसात करते हैं। भय के वातावरण में पले बच्चे या तो दब्बू बन जाते हैं या फिर हिंसा को ही समाधान मानने लगते हैं। समाज में बढ़ती असहिष्णुता और आक्रामकता के पीछे कहीं न कहीं वही शिक्षा व्यवस्था जिम्मेदार है जो संवेदनशील मनुष्यों के बजाय केवल प्रतिस्पर्धी उपभोक्ता तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बार-बार परीक्षा के तनाव को कम करने और शिक्षा को जीवन से जोड़ने की अपील इस बात का संकेत है कि समस्या गंभीर है। लेकिन केवल भाषणों और नीतियों से बदलाव नहीं आएगा। असली परिवर्तन तब होगा जब अभिभावक यह समझेंगे कि उनका बच्चा उनकी प्रतिष्ठा का साधन नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र व्यक्तित्व है। जब शिक्षक यह मानेंगे कि उनका दायित्व केवल पाठ्यक्रम पूरा करना नहीं, बल्कि बच्चों में सीखने की ललक जगाना है। जब स्कूल प्रशासन दंड की संस्कृति छोड़कर सहयोग और परामर्श की व्यवस्था विकसित करेगा। और जब समाज यह स्वीकार करेगा कि असफलता भी सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, कोई अपराध नहीं। आज जरूरत है शिक्षा को फिर से मानवीय बनाने की। ऐसी शिक्षा की, जिसमें स्नेह अनुशासन का आधार हो, संवाद दंड का विकल्प बने और विश्वास भय की जगह ले। बच्चों को यह एहसास कराया जाए कि वे जैसे हैं, वैसे ही स्वीकार्य हैं और उनकी प्रगति का रास्ता उनकी अपनी गति से तय होगा। शिक्षा को अहिंसक दृष्टि से देखना केवल नैतिक आग्रह नहीं, बल्कि व्यावहारिक आवश्यकता भी है। क्योंकि जिस समाज की शिक्षा बच्चों को तोड़ती है, वह समाज कभी मजबूत नहीं हो सकता। मासूमों को डर नहीं, हौसले का संबल चाहिए; डांट नहीं, दिशा चाहिए; और हिंसा नहीं, विश्वास चाहिए। तभी शिक्षा सचमुच जीवन देने वाली बन सकेगी, जीवन लेने वाली नहीं। नेशनल प्रोग्रेसिव स्कूल्स कॉन्फ्रेंस (एनपीएससी) भारत के 250 से ज्यादा प्रमुख प्राइवेट सीनियर सेकेंडरी स्कूलों का एक प्रमुख एसोसिएशन है, शिक्षा की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए एनसीईआरटी और एनआईईपीए जैसे सरकारी निकायों के साथ मिलकर काम करता है, जिसमें पॉलिसी सुधार, पढ़ाने-सीखने के तरीकों और सर्वांगीण विकास पर ध्यान दिया जाता है। जिसका उद्देश्य शैक्षिक पहलों, टेक्नोलॉजी के इंटीग्रेशन और मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से शिक्षा को बेहतर बनाना। इसी से जुड़ी डॉ. उषा राम भारतीय स्कूल शिक्षा क्षेत्र में एक अनुभवी शिक्षिका और लीडर हैं, इसी तरह श्रीनिवासन श्रीराम द मान स्कूल, दिल्ली के प्रिंसिपल हैं, जिनके पास रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल शिक्षा और आईटी एडमिनिस्ट्रेशन में 30 से ज्यादा सालों का अनुभव है। मेयो कॉलेज में कंप्यूटर साइंस के पूर्व हेड होने के नाते, वे आईसीटी इंटीग्रेशन और इक्कीसवीं सदी की लर्निंग में एक्सपर्ट हैं। इन दोनों शिक्षाशास्त्रियों से कल ही प्लेटीनम वैली इन्टरनेशनल स्कूल में नई शिक्षा नीति-2020 को लेकर सार्थक चर्चा हुई। सर्वसम्मति यही सामने आयी कि आज सबसे बड़ा और चिंताजनक प्रश्न यह है कि जो शिक्षा जीवन निर्माण, चरित्र गठन और मानवीय मूल्यों के संवर्धन का माध्यम होनी चाहिए थी, वही शिक्षा धीरे-धीरे विध्वंस का कारक क्यों बनती जा रही है। जब शिक्षा सही दिशा में आगे नहीं बढ़ती, जब वह अहिंसा, करुणा, सह-अस्तित्व और नैतिक विवेक से संपन्न नागरिकों का निर्माण करने में विफल रहती है, तब उससे निकलने वाली पीढ़ियां केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर भी संकट का कारण बनती हैं।

## सम्पादकीय

### अजित पवार के जाने के बाद का गुणा-भाग

**महाराष्ट्र** के उपमुख्यमंत्री अजित पवार का बुधवार सुबह बारामती में एक विमान हादसे में निधन हो गया। उनके यूं इस तरह चले जाने से समूचा देश स्तब्ध है। वहीं महाराष्ट्र की राजनीति में भी नए सवाल खड़े हो गए हैं। क्योंकि अजित पवार महाराष्ट्र की राजनीति का एक ऐसा किरदार थे, जिनसे आप असहमत हो सकते हैं, उनके तौर-तरीकों से नाराज हो सकते हैं, उनके समर्थक और मुरीद हो सकते हैं, लेकिन उन्हें उपेक्षित नहीं कर सकते। अजित पवार का सियासी सफर काफी दिलचस्प था। हर दिग्गज नेता की तरह उनकी भी महत्वाकांक्षा शीर्ष पद पर पहुंचने की थी, यानी महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनना उनका सपना था, जो अब अधूरा रह गया है। अजित पवार मुख्यमंत्री तो एक बार भी नहीं बन पाए, लेकिन छह बार महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री बनने का रिकार्ड उनके नाम हैं। इसके अलावा कांग्रेस, शिवसेना, भाजपा के मुख्यमंत्रियों के साथ वे अलग-अलग मंत्री पद पर भी रहे। इसलिए कहा जाता है कि अजित पवार सत्ता में हमेशा ही बने रहे।

अपने चाचा शरद पवार की ऊंगली थामकर अजित पवार ने राजनीति शुरू की, लेकिन बाद में उनसे अलग होकर अपना दबदबा भी दिखाया। 22 जुलाई 1959 को जन्मे अजित पवार महज 23 साल की उम्र में कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्री के बोर्ड में शामिल हो गए थे। इसके बाद 1991 में वे पुणे सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष बने और 16 सालों तक इस पद पर काबिज रहे। वे 1991 में ही बारामती से पहली बार सांसद चुने गए। लेकिन अपने चाचा शरद पवार के लिए उन्होंने सीट खाली की, इसके बाद 1995 में बारामती से विधानसभा चुनाव लड़ा और जीते फिर 1999, 2004, 2009, 2014, 2019 और 2024 में लगातार विधायक बने रहे। शरद पवार के साथ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को खड़ा करने और उसे महाराष्ट्र की अग्रणी पार्टियों में शुमार करने में अजित पवार का बड़ा हाथ रहा। लेकिन इस बीच शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के भी राजनीति में सक्रिय होने के बाद अजित पवार अपनी उपेक्षा का दर्द जाहिर करते रहे। एक बार उन्होंने यहां तक कहा था कि अगर मैं शरद पवार का बेटा होता तो मुख्यमंत्री बन जाता। हालांकि चाचा-भतीजे के बीच सीधी तकरार 2022 में देखने मिली। जब अजित पवार ने शरद पवार से अलग होकर अपनी राजनीतिक लकीर खींची और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। हालांकि हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनावों में एनसीपी के दोनों गुट एक साथ आए और खबरें थीं कि चाचा-भतीजा के साथ आने से भाजपा को काफी तकलीफ है। लेकिन नगरीय निकाय चुनावों में एनसीपी को बड़ा झटका लगा और उसके कई गढ़ हाथ से निकले भी। इसके बाद अजित पवार जिला पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटे थे। लेकिन उनकी मौत के साथ ही उनकी तैयारियां भी अधूरी रह गईं। करीब 4 दशकों के सियासी सफर में एक बार सांसद और सात बार विधायक रहे अजित पवार ने राज्य सरकार में कई अहम मंत्री पद संभाले। 2010 में वे पहली बार उपमुख्यमंत्री बने और फिर छह बार इसी पद पर काबिज हुए।

# भारत की विदेश नीति में बिखराव और दिशाहीनता का दौर

राजेश पांडेय

**अमेरिका** से ठंडे रिश्तों को देखते हुए भारत ने चीन की तरफ नए सिरे से पहल की है। वैसे, यहां भी दांव उल्टे साबित हो रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे चीन के लिए खोलने पर विचार किया जा रहा है। चीनी कामगारों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया को सरल किया जा चुका है। निवेश से जुड़े कुछ प्रतिबंधों को हटाने की तैयारी है। पिछले कुछ वर्षों से भारत की विदेश नीति दिशाहीनता और अनिर्णय के घेरे में है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हमारी आवाज पहले जैसी असरदार नहीं रही। बीते कुछ समय का घटनाक्रम अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की कमजोर तस्वीर पेश करता है। वर्तमान स्थिति को समझने के लिए अतीत पर गौर करना जरूरी है। कुछ उदाहरण बताते हैं कि पहले भारत को अमेरिका तक हल्के में नहीं ले सकता था। 1950 से 1990 के बीच आर्थिक रूप से बहुत ताकतवर नहीं होने के बावजूद भारत का महत्व था। दो महाशक्तियों-अमेरिका और सोवियत संघ के मध्यशीत युद्ध के दौर में देश की प्रासंगिकता बनी रही। पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अगुआई में गुटनिरपेक्ष आंदोलन ने देशों के बीच तनाव खत्म करने में अहम भूमिका निभाई थी। निर्गुट देशों की पहल से अफ्रीका के कई देशों को आजादी मिली। दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी शासन खत्म करने में उसकी निर्णायक भूमिका रही। एशिया, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका के कई देशों को शांति, अहिंसा और मानवता के भारतीय मूल्य प्रेरित करते थे। हालांकि, 1962 में चीन से अपमानजनक पराजय के बाद भारत की साख को आघात लगा था। लेकिन, 1971 में पाकिस्तान से युद्ध में निर्णायक विजय ने भारत का दबदबा बढ़ाया। इंदिरा गांधी के साहस और कूटनीतिक पहल से बांग्लादेश अस्तित्व में आया। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद वह पहला मौका था जब विश्व के नक्शे पर किसी नए देश का उदय हुआ था। पाकिस्तान से युद्ध छिड़ने से पहले भारत ने हर मोर्चे पर दूरदर्शिता दिखाई थी। भारत का पक्ष रखने के लिए जबर्दस्त कूटनीतिक अभियान छेड़ा गया। खुद इंदिरा गांधी ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी सहित कई देशों की यात्रा की थी। उनके अलावा विदेश मंत्री स्वर्ण सिंह और अन्य राजनयिकों ने वैश्विक नेताओं को समझाया कि तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में पाक सेना के जनसंहार और अत्याचारों की वजह से लगभग एक करोड़ शरणार्थी भारत आ चुके हैं। इस बीच भारत ने सोवियत संघ (अब रूस)से सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शांति संधि कर ली। इसमें प्रावधान था कि दोनों में से किसी भी देश पर हमले को एक-दूसरे पर हमला माना जाएगा। इस वजह से युद्ध में अमेरिका हस्तक्षेप नहीं कर सका था। उस वक्त इंदिरा गांधी की दृढ़ता ने अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को बेबस कर दिया था।



अमेरिका ने भारत पर दबाव डालने के लिए नौसेना का सातवां बेड़ा बंगाल की खाड़ी में तैनात किया। युद्ध खत्म हो गया। बांग्लादेश बन गया। पाकिस्तान की अपमानजनक हार हो गई लेकिन अमेरिका की दखल देने की हिम्मत नहीं पड़ी थी।

नवंबर 1971 में निक्सन से मुलाकात में इंदिरा गांधी के सख्त तेवरों की झलक तब के अमेरिकी विदेश मंत्री हेनरी कीसिंजर के संस्मरणों में मिलती है। कीसिंजर लिखते हैं, इंदिरा गांधी के जाने के बाद जब मैं राष्ट्रपति से मिला तो उनका चेहरा पीला पड़ गया था। वे कुछ देर तक खामोश बैठे रहे।

इन घटनाओं पर नजर डालते हुए आज की स्थिति देखिए। अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी का अपहरण कर लिया। उन्हें न्यूयॉर्क की एक जेल में रखा गया है। इस मामले में भारत सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में अमेरिका का नाम तक लेने से परहेज किया है। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि, हम घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं। सभी पक्षवार्ता से मसले को सुलझाने का प्रयास करें। भारत तो अमेरिका की मिजाजपुर्सी कर रहा है लेकिन ट्रम्प पर अब तक कोई असर नहीं पड़ा है। वे लगातार भारत की अनदेखी कर रहे हैं।

ट्रम्प बार-बार पिछले साल ऑपरेशन सिंदूर के बीच हुए भारत-पाक टकराव को रोकने का श्रेय लेते हैं। जबकि भारत का कहना है कि किसी पक्ष की मध्यस्थता के कारण संघर्षविराम नहीं हुआ था। अमेरिकी टैरिफ के दबाव में भारत ने रूस से तेल की खरीद काफी कम कर दी है। 2019 में प्रतिबंधों की धमकी के बाद ईरान से भी तेल की खरीद बंद कर दी गई थी। वहीं चीन ने तेल की खरीद जारी रखी है। डोनाल्ड ट्रम्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त कहते नहीं थकते हैं। मोदी ने तो अमेरिका जाकर ट्रम्प के पक्ष में चुनाव प्रचार किया था। यह राजनीतिक और कूटनीतिक दृष्टि से वाजिब नहीं था। भारत के नीति-निर्माताओं ने नहीं सोचा कि कूटनीति के तकाजे में निजी रिश्तों के कोई मूल्य नहीं होते हैं। बहरहाल, ट्रम्प ने भारत को एक और झटका दिया है। खबर है कि भारत को अप्रैल तक ईरान के चाबहार बंदरगाह के काम से हाथ समेटना पड़ेगा। इस बंदरगाह से भारत को पश्चिम एशिया से होते हुए यूरोप तक आसान पहुंच मिल सकती है। चाबहार से हटने पर भारत के सामरिक और व्यावसायिक हितों को नुकसान होगा।

अमेरिका से ठंडे रिश्तों को देखते हुए भारत ने चीन की तरफ नए सिरे से पहल की है। वैसे, यहां भी दांव उल्टे साबित हो रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को धीरे-धीरे चीन के लिए खोलने पर विचार किया जा रहा है। चीनी कामगारों के लिए बिजनेस वीजा प्रक्रिया को सरल किया जा चुका है। निवेश से जुड़े कुछ प्रतिबंधों को हटाने की तैयारी है। चीन भारत के विशाल बाजार से फायदा उठाने के लिए थोड़ी रियायतें देता रहता है। हालांकि, वह सामरिक तौर पर अपनी नीतियों से पीछे नहीं हट रहा है। वह अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा दोहराता है। अभी हाल में उसने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शक्सगाम घाटी पर भारत के दावे को नामंजूर कर दिया है। 1963 में पाक ने एक समझौते के तहत सियाचिन ग्लेशियर के पश्चिम में स्थित पांच हजार वर्ग किलोमीटर में फैली शक्सगाम घाटी चीन को दे दी थी। 9 जनवरी को भारत ने घाटी में चीन-पाकिस्तान इकानॉमिक कॉरिडोर के तहत चीन के निर्माण को अवैध बताया था। भारतीय प्रवक्ता ने कहा कि शक्सगाम भारत का अभिन्न अंग है। जवाब में चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह इलाका हमारा है।

भारत और चीन के बीच सीमाओं को लेकर तनातनी वर्षों से जारी है। फिर भी कारोबार अंधाधुंध रफ्तार से दौड़ रहा है। नए आंकड़ों के मुताबिक 2025 में चीन से भारत का व्यापार घाटा 10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। यहां 11 जनवरी को भाजपा और आरएसएस के नेताओं से चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रतिनिधि मंडल की मुलाकात पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। 2017 में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से चीन के राजदूत की मुलाकात पर भाजपा ने जमकर एतराज जताया था। भाजपा ने इसे दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार का नतीजा बताया है। दो देशों के राजनीतिक दलों के बीच संवाद में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। यह सामान्य गतिविधि है। इसलिए भाजपा का चीन के राजदूत से राहुल गांधी की मुलाकात पर आसमान सिर पर उठाना और अपने नेताओं से चर्चा को सामान्य बताना विरोधाभासी है।

एनडीए सरकार अमेरिका, चीन के दबाव को चुपचाप सहन करती है या कमजोर प्रतिक्रिया दिखाती है। लेकिन कमजोर देशों पर वह बरस पड़ती है। उसकी कूटनीतिक कमजोरी सामने रखने के लिए एक-दो उदाहरण काफी हैं। लंबे समय तक बांग्लादेश से भारत के मधुर रिश्ते रहे हैं। अगस्त 2024 में शेख हसीना सरकार का पतन होने के बाद वहां भारतविरोध की आग भड़क उठी है। हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में इस वक्त कट्टरपंथी तत्वों का बोलबाला है। कुछ हिंदुओं की हत्या के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स में बांग्लादेश के खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान के खेलने पर पाबंदी लगा दी। मुस्तफिजुर के खिलाफ सोशल मीडिया पर जमकर मुहिम छेड़ी गई। मुस्तफिजुर को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जवाबी कार्रवाई की। उसने फरवरी में भारत में होने वाले टी-20 वर्ल्डकप मैचों के बायकॉट का ऐलान कर दिया। मुस्तफिजुर के खिलाफ भारत की कार्रवाई को सत्ताधारी दल की राजनीति का हिस्सा माना जा रहा है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा के चुनाव इस साल हैं। लिहाजा, बांग्लादेश से भारत में घुसपैठ को मुख्य मुद्दा बनाने की पृष्ठभूमि तैयार हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषणों में घुसपैठ का ज़िक्रहोने लगा है। इस हलचल के बीच 19 जनवरी को बांग्लादेश में चीन के राजदूत ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर में तीस्ता प्रोजेक्ट का दौरा किया। चीन इस प्रोजेक्ट में बांग्लादेश की मदद कर रहा है। भारत-बांग्लादेश के बीच तीस्ता नदी पानी के बंटवारे का मामला कई दशकों से अटका पड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार समझौते का विरोध कर रही है। बांग्लादेश ने चीनी राजदूत को तीस्ता प्रोजेक्ट की यात्रा कराकर अपने भारत विरोधी एजेंडा को धार देने की कोशिश की है। पोलैंड एक अन्य छोटा देश है जिसको भारत ने अभी हाल में सख्त मैसेज दिया है। पूर्व सोवियत संघ के समय पोलैंड सोवियत खेमे में था। अब वह अमेरिका का सहयोगी है। पोलैंड और पाकिस्तान के संबंध तेजी से बेहतर हो रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर में पोलैंड के विदेश मंत्री रादोस्ला सिकोरस्की इस्लामा बाद गए थे। 19 जनवरी को जब सिकोरस्की नई दिल्ली में जयशंकर से मिले तो भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि उन्हें भारत के पड़ोस में आतंकवादी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने की बजाय आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए। जयशंकर पोलैंड जैसे छोटे देश को सख्त लहजे में समझा सकते हैं पर वे अमेरिका, चीन के मामले में कुछ नहीं बोलते हैं।

# तमाशों का देश, देश का तमाशा

सर्वमित्रा सुरजन




**पहले** गणतंत्र दिवस पर संविधान की बात होती थी। संविधान निर्माताओं के जज्बे और भावनाओं को लोगों तक पहुंचाया जाता था। बच्चों को संविधान का महत्व बताकर उन्हें भावी नागरिक बनने के लिए तैयार किया जाता था। लेकिन अब गणतंत्र दिवस भी मोदी सरकार की राजनीति की भेंट चढ़ गया। इस बार के गणतंत्र दिवस पर राहुल गांधी से जुड़े सवाल ही चर्चा में छाए रहे।

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रचारपसंद, परिधानपसंद, प्रशस्तिपसंद इंसान तो हैं ही, वे तमाशापसंद नेता भी हैं। गौर कीजिए पिछले 12 सालों में कितनी बार, कितने नए-नए तरीकों के तमाशे उन्होंने दिखाए हैं या उनके कारण देश का तमाशा बना है। कभी मोदी साफ समुद्री किनारे पर कचरा उठाकर सफाई का तमाशा दिखाते हैं। कभी अंतरिक्ष अभियान सफल होने पर छोटा सा तिरंगा हाथ में पकड़कर कैमरे के सामने लहराते हैं और देशभक्ति का तमाशा दिखाते हैं। दो हफ्ते पहले जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज जब भारत दौरे पर आए थे, तब गुजरात में उन्हें पतंगबाजी दिखाते हुए नरेन्द्र मोदी का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था, जिसमें मर्ज की अनिच्छा के बावजूद मोदी उन्हें हाथ खींच-खींच कर आसमान की तरफ इशारा कर दिखा रहे थे। अपने विदेशी समकक्षों के साथ नरेन्द्र मोदी कई बार इस तरह की हरकतें कर चुके हैं, जिनसे भारत की कूटनीति और विदेश नीति का तमाशा बना है। खैर, जब देश का मुखिया ही ऐसा हो जो कैमरे के सामने दिखने और सबका ध्यान आकृष्ट करने के लिए अभिनय करे तो भला उनके अनुयायी पीछे क्यों रहेंगे।

अभी उत्तरप्रदेश में माघ मेले में भाजपा ने सनातन धर्म का ही तमाशा बना दिया। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज से नोटिस देकर पूछा गया कि वे साबित करें कि वे शंकराचार्य हैं। आज तक आदित्यनाथ योगी को तो ऐसा कोई नोटिस नहीं दिया गया कि वे खुद को योगी साबित करें, न ही अपने नाम के आगे जगदगुरु लिखने वाले रामभद्रचार्य को ऐसा कोई नोटिस मिला। गांधीजी मोदी युग में जिंदा बच पाते तो उनसे भी पूछा जाता कि वे खुद को महात्मा साबित करें। वल्लभ भाई पटेल से सियासी मकसद नहीं सधता तो उन्हें भी नोटिस मिलता कि उनके नाम के आगे सरदार कैसे लिखा है। बहरहाल, मंदिर और धर्म की राजनीति करने वाली भाजपा ने शंकराचार्य का जी भर के अपमान किया, क्योंकि उन्होंने कभी भाजपा या नरेन्द्र मोदी का अंधा समर्थन नहीं किया। अपने साथ हुई बदसलूकी पर शंकराचार्य ने योगी सरकार पर सवाल उठाए तो इससे आहत होकर अयोध्या में जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर प्रशांत कुमार ने मंगलवार 27 जनवरी को अपना इस्तीफा दिया। यह इस्तीफा किसी कागज पर साधारण तरीके से नहीं बल्कि कैमरे के सामने पूरे तमाशे के साथ रोते-धोते दिया गया। प्रशांत कुमार ने बताया कि वो मोदी और योगी के अपमान से आहत थे इसलिए उन्होंने इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने सीएम योगी का नमक खाया है। बहरहाल, इस इस्तीफे वाले तमाशे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, तो लोगों ने प्रशांत कुमार को याद दिला दिया कि आप भले सरकारी नौकरी में हैं, लेकिन उसका वेतन भाजपा नहीं आम लोगों के दिए टैक्स के पैसे से दिया जाता है। यानी नमकहलाली करनी हो तो जनता की करो। प्रशांत कुमार के इस्तीफे पर आई प्रतिक्रियाओं को देखकर लगा कि जनता भी अब रोज-रोज के इन तमाशों से ऊब चुकी है। हालांकि अब इस इस्तीफे की कथा में नया अध्याय जुड़ गया है। प्रशांत कुमार सिंह के सगे भाई ने ही आरोप लगाया है कि उन्हें नेत्र विकलांगता का फर्जी सर्टिफिकेट दिखाने से नौकरी मिली है। प्रशांत कुमार पर आरोप है कि दो बार मेडिकल बोर्ड के आगे वह हाजिर नहीं हुए हैं। अब इस मामले में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मऊ की ओर से जांच शुरू कर दी गई है। तो संदेह है कि जांच से बचने के लिए प्रशांत कुमार ने बड़े तरीके से अपने इस्तीफे को इस तरह पेश किया कि उन्हें योगी वफादारी का ईनाम दे देते। हालांकि इस पूरे प्रकरण से सवाल खड़े हो गए हैं कि जब बड़े पदों पर बैठे अधिकारी खुलकर नेताओं के प्रति अपनी वफादारी का इजहार करने लगें तो संविधान के साथ वफादारी किस तरह निभाई जाएगी। क्या ऐसे चाटुकार अधिकारियों के कारण जनता के बड़े हिस्से के साथ अन्याय नहीं होगा। और मान लें कि यह चाटुकारिता केवल जांच से बचने के लिए है, तब भी मामला संगीन ही रहेगा, क्योंकि फर्जी तरीकों से डिप्टी कमिश्नर जैसा पद हासिल करने वाले लोगों से देश के लिए भी घातक ही हैं।

तीन साल पहले जम्मू-कश्मीर में एक फर्जी अधिकारी पकड़ में आया था। किरण पटेल नाम का यह शख्स खुद को पीएमओ में अस्सिटेंट बताकर भारी सुरक्षा के साथ आराम से घूमता था। अभी दिल्ली में इसी तरह एक मोहतरमा खुद को विदेशी दूतावास का प्रतिनिधि बताकर नकली नंबरप्लेट के साथ संवेदनशील इलाकों में घूमती रही, हालांकि गणतंत्र दिवस के पहले उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस महिला के साथ भाजपा के कई बड़े नेताओं की तस्वीरें भी हैं। अगर ऐसे किसी फर्जी शख्स की तस्वीरें कांग्रेस नेताओं के साथ होती तो मीडिया अब तक बड़ा तमाशा खड़ा कर चुका होता। लेकिन इन मुद्दों पर लगभग सन्नाटा पसरा है। भाजपा की रक्षा में जुटी मीडिया को न राष्ट्र की सुरक्षा का ख्याल है, न राष्ट्रवाद की फिक्र है। मोदी को खुश करने के चक्कर में भाजपा ने तो अब गणतंत्र दिवस का भी तमाशा बना दिया है। पहले गणतंत्र दिवस पर संविधान की बात होती थी। संविधान निर्माताओं के जज्बे और भावनाओं को लोगों तक पहुंचाया जाता था। बच्चों को संविधान का महत्व बताकर उन्हें भावी नागरिक बनने के लिए तैयार किया जाता था। लेकिन अब गणतंत्र दिवस भी मोदी सरकार की राजनीति की भेंट चढ़ गया। इस बार के गणतंत्र दिवस पर राहुल गांधी से जुड़े सवाल ही चर्चा में छाए रहे।

# बीएसए के औचक निरीक्षण में खुली परिषदीय स्कूलों की पोल, विद्यालयों में मचा हड़कंप

- फर्जी उपस्थिति व लापरवाही पर बीएसए सख्त
- डीबीटी से लेकर डायरी तक फेल सिस्टम
- औचक जांच में कई स्कूलों को नोटिस

अखंड भारत संदेश



परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण करते बीएसए बीके शर्मा

**चित्रकूट।** जिले में शैक्षिक व्यवस्था की जमीनी हकीकत उस समय सामने आ गई जब जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने 29 जनवरी को विकासखण्ड चित्रकूट के अंतर्गत संचालित परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि शैक्षिक गुणवत्ता, छात्र उपस्थिति, डीबीटी, मध्यान्ह भोजन, अभिलेखों और प्रशासनिक अनुशासन की वास्तविक तस्वीर देखना था। उच्च प्राथमिक विद्यालय भरतकूप में जहां स्मार्ट क्लास और डीबीटी व्यवस्था मौजूद मिली, वहीं छात्र उपस्थिति में भारी अनियमितता, प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज न होना, अंग्रेजी विषय को लेकर प्रधानाध्यापक द्वारा भ्रामक जानकारी, गंदा परिसर, निष्क्रिय प्रबंधन समिति और माता समूह की निष्क्रियता जैसी गंभीर खामियां उजागर हुईं। एमडीएम रजिस्टर में उपस्थिति बढ़ाकर दर्ज किए जाने के संकेत भी मिले, जिस पर प्रधानाध्यापक से तीन दिन में स्पष्टीकरण तलब किया गया। प्राथमिक विद्यालय भरतकूप मंदिर, नया छिवलहा, बराछ और सभापुर में पठन-पाठन का स्तर सामान्य पाया गया तथा स्मार्ट क्लास और टोल फ्री नंबर अंकित मिले, परंतु डीबीटी लाभ में आंशिक कमी भी सामने आई। सबसे चिंताजनक स्थिति प्राथमिक विद्यालय ढोलबजा की रही, जहां कम उपस्थिति, अधूरी शिक्षक डायरी, असंतोषजनक शैक्षिक गुणवत्ता, रंगाई-पुताई और किचन गार्डन के अभाव के साथ स्टाफ की उदासीनता उजागर हुई। बीएसए ने प्राथमिक विद्यालय ढोलबजा के संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ का नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर कड़ी कार्रवाई तय है। यह निरीक्षण संदेश है कि शिक्षा में लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी।

## 44 हजार से अधिक वृद्ध लाभार्थियों को मिली पेंशन, पोर्टल पर आवेदन जारी

**चित्रकूट।** जिले के वरिष्ठ नागरिकों के लिए राहत और सम्मान की बड़ी खबर है। जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की स्वीकृति से माह जनवरी में 516 नए पेंशनरों को योजना से जोड़ा गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 5366 लाभार्थियों की पेंशन स्वीकृत की जा चुकी है। बताया कि जनपद में वित्तीय वर्ष 2025-26 की तृतीय त्रैमासिक किस्त तक कुल 44,697 वृद्ध लाभार्थियों को पीएफएमएस के माध्यम से आधार बेस्ड प्रणाली द्वारा सीधे उनके बैंक खातों में धनराशि प्रेषित की जा रही है। योजना के अंतर्गत 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के पात्र वृद्धजनों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ है, जिसके लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। पात्र लाभार्थियों को 3000 रुपए की त्रैमासिक पेंशन दी जाएगी।

# सड़क हादसे में शिक्षक का निधन, पीएनबी ने 30 लाख देकर दिखाई संवेदनशीलता



पीडित परिवार को 30 लाख का चेक देते डीएम

**चित्रकूट।** सड़क दुर्घटना में माध्यमिक विद्यालय रूक्माखुर्द चित्रकूट के तात्कालिक प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार के आकस्मिक निधन के बाद पंजाब नेशनल बैंक चित्रकूट शाखा ने मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण पेश करते हुए मृतक खाताधारक के परिजनों को 30 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक सौंपा। प्रमोद कुमार पीएनबी के सैलरी खाताधारक थे, जिसमें दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में बैंक की मुफ्त बीमा योजना के अंतर्गत यह सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिला अधिकारी पुलकित गर्ग एवं पीएनबी अंचल प्रबंधक दीपक सिंह द्वारा परिजनों को चेक प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मंडल कार्यालय प्रयागराज के मंडल प्रमुख रमेंद्र नारायण ओम सहित चित्रकूट व कर्वी शाखा के अधिकारी भी उपस्थित रहे। अंचल प्रमुख ने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए बैंक की विभिन्न बीमा, ऋण एवं विशेष योजनाओं की जानकारी दी, जबकि मंडल प्रमुख ने हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। परिजनों ने बैंक की त्वरित सहायता की सराहना की।

# गोस्वामी तुलसीदास कॉलेज में मिशन शक्ति कार्यशाला मिला संवेदनशीलता व स्वावलंबन का मजबूत संदेश

अखंड भारत संदेश




कार्यशाला में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** 31 जनवरी को जनपद के गोस्वामी तुलसीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत मिशन शक्ति कौशल कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया, जहां महिला संबंधी मामलों में संवेदनशीलता और प्रभावी व्यवहार विषय पर महिला आरक्षियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती प्रगति गुप्ता ने उद्देश्य व रूपरेखा स्पष्ट करते हुए की। कोतवाली कर्वी की थाना प्रभारी श्रीमती सविता श्रीवास्तव ने 1930, 112 और महिला सुरक्षा कानूनों की जानकारी दी। डीएमसी प्रिया माथुर ने कन्या सुमंगला, मुख्यमंत्री बाल सेवा, स्पॉन्सरशिप योजनाओं के साथ 1098, 181, 1090, 1076 हेल्पलाइन बताईं। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन पर पीटीओ श्रीमती दीप्ति त्रिपाठी ने यातायात नियमों का संदेश दिया। सीओ सिटी ने नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन का संकल्प दोहराया, वहीं एसडीएम सदर श्रीमती पूजा साहू ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनकर अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में 200 विद्यार्थी व 80 महिला आरक्षियां सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह व क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली के पर्यवेक्षण में थाना मारकुण्डी पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के गंभीर आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की। 29 जनवरी को पीड़िता की मां ने आरोप लगाया था कि अभियुक्त ने दुकान से लौट रही नाबालिग को जबरन घर में खींचकर अश्लील हरकतें कीं और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने त्वरित विवेचना कर धाराएं बढ़ाईं और 31 जनवरी को मुखबिर की सूचना पर आरोपी मनोज त्रिपाठी को दबोच लिया।

## चित्रकूट में दिव्यांग बच्चों के लिए सुनहरा अवसर, अंशकालिक विशेषज्ञ सेवाओं की भर्ती

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित बचपन डे-केयर सेंटर में अध्ययनरत 3 से 7 वर्ष आयु वर्ग के श्रवणबाधित, दृष्टिबाधित एवं मानसिक मंदित बच्चों के वाणी एवं मानसिक विकास को सुदृढ़ करने के लिए स्पीच ट्रेनर और साइको काउंसलर की अंशकालिक सेवाएं ली जाएंगी। चयनित विशेषज्ञों को प्रति विजिट 850 रुपए मानदेय दिया जाएगा तथा न्यूनतम सप्ताह में दो दिन सेवाएं देनी होंगी। संबंधित डिप्लोमा/डिग्रीधारक इच्छुक अभ्यर्थी 14 फरवरी तक विकास भवन सोनेपुर चित्रकूट स्थित कक्ष संख्या-13 में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में बूथ स्तर पर निरीक्षण, बीएलओ को दिशा-निर्देश

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरते समय मतदाता के स्थायी पते के साथ उसके निवास के निकटतम प्रमुख लैंडमार्क का अनिवार्य रूप से उल्लेख किया जाए

अखंड भारत संदेश



धनुष चौराहा स्थित बूथ पर औचक निरीक्षण करते डीएम

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को जमीन पर परखने के लिए धनुष चौराहा स्थित बूथ संख्या 432 से 437 का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक सख्ती और पारदर्शिता का संदेश दिया। निरीक्षण का उद्देश्य मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। मौके पर तैनात छह बूथ लेवल अधिकारियों ने बताया कि नए मतदाताओं के नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 भरने की प्रक्रिया निरंतर चल रही है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि फॉर्म-6 भरते समय मतदाता के स्थायी पते के साथ उसके निवास के निकटतम प्रमुख लैंडमार्क का अनिवार्य रूप से उल्लेख किया जाए, ताकि भविष्य में सत्यापन और पहचान पत्र वितरण में कोई अड़चन न आए। बूथ संख्या 435 पर तकनीकी कारणों से एक ही परिवार के कुछ नाम अन्य बूथों में दर्ज पाए जाने पर जिलाधिकारी ने तत्काल फॉर्म-8 के जरिए त्रुटि सुधार के निर्देश दिए और कहा कि परिवार के सभी सदस्यों के नाम एक ही मतदेय स्थल पर दर्ज हों। उन्होंने दो टूक कहा कि कोई भी पात्र मतदाता नामावली से वंचित न रहे और पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## भरतकूप में सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने इलाके में शोक का माहौल पैदा कर दिया। घटना में कृष्ण कुमार की मौत हो गई, जबकि संजय और रवि गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक कृष्ण कुमार के पिता, रवि कुमार ने बताया कि तीनों मित्र एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे, जिसे संजय चला रहा था। बड़े देव बाबा शिव लहा के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे चालक सहित सभी घायल हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवरामपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने कृष्ण कुमार को मृत घोषित कर दिया। गंभीर स्थिति वाले संजय और रवि को बेहतर इलाज के लिए प्रयागराज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी है।

# महामति कॉलेज में जागरूकता का महाअभियान मतदाता पंजीकरण अभियान सफल

अखंड भारत संदेश



जागरूकता महाअभियान में युवती को फॉर्म-06 देते एसडीएम

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शनिवार को मतदाता सूची पंजीकरण का विशेष अभियान पूरे उत्साह के साथ चला। महामति प्राण नाथ डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र से जुड़ने की जिम्मेदारी को समझते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया। उपजिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुके युवक-युवतियों से फॉर्म-06 भरवाकर मतदाता बनने के महत्व पर जागरूक किया और मतदान को नागरिक कर्तव्य बताया। विशेष अभियान दिवस के अंतर्गत विधानसभा 237 मानिकपुर के सभी बूथों पर बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने अब तक छूटे नामों को सूची में दर्ज किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से फॉर्म-06, 07 व 08 उपलब्ध कराए। लोगों को बताया गया कि किसी भी कार्य दिवस में ठस्० से संपर्क कर नाम जोड़ने, हटाने या त्रुटि सुधार की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

## योजनाओं की प्रगति को कलेक्ट्रेट में मंथल, शत-प्रतिशत लक्ष्य का अल्टीमेटम

**चित्रकूट।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में शनिवार को शासन की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं-एनआरएलएम, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), पंचायती राज, बाल विकास पुष्टाहार, उद्यान एवं पशुपालनकृकी गहन समीक्षा हुई। लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ काम करने और नियमित समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में राशन कार्ड धारक, पीएम आवास, दिव्यांग एवं जीरो पॉवर्टी से चिन्हित परिवारों को समूहों से जोड़ने की प्रगति पर भी चर्चा हुई। साथ ही लखपति दीदी योजना के तहत डिजिटल आजीविका रजिस्टर, आय प्रगति तथा डीएलसीसी- बीएलसीसी की समीक्षा की गई।

# डीएम ने सरकारी शिक्षा का किया जबरदस्त प्रमोशन बेटी का सरकारी स्कूल में कराया दाखिला

डीएम ने पेश की मिसाल, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो



स्कूल में बच्चों के साथ डीएम की बेटी सिया

**चित्रकूट।** डीएम पुलकित गर्ग ने सरकारी शिक्षा के प्रति विश्वास बढ़ाने के लिए एक अनोखी मिसाल पेश की है। उन्होंने अपनी तीन वर्षीय बेटी सिया का दाखिला नया बाजार स्थित सरकारी कंपोजिट विद्यालय की आंगनबाड़ी में करवा कर यह संदेश दिया कि अगर एक आईएएस अधिकारी अपनी बच्ची को सरकारी संस्थान में पढ़ा सकता है, तो आम अभिभावकों को संकोच करने की कोई वजह नहीं है। चार दिन पहले ही डीएम ने खुद विद्यालय पहुंचकर दाखिले की प्रक्रिया पूरी की। सिया अब प्ले ग्रुप में पढ़ाई शुरू कर चुकी है और दूसरे बच्चों के साथ कविताओं पर डांस कर रही, खिलौनों से खेल रही और एजुकेशनल एक्टिविटीज में भाग ले रही है। उसके कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं, जिसमें उसकी खुशी साफ झलकती है। डीएम पुलकित गर्ग का कहना है कि सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ियों में अब पहले जैसी कमी नहीं रही, शिक्षा की गुणवत्ता लगातार बेहतर हुई है और संसाधनों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि समाज को दिखावे से बाहर निकलकर सरकारी शिक्षा प्रणाली पर भरोसा करना चाहिए। बच्चों के शुरूआती जीवन में पोषण, सुरक्षा, संस्कार और देखभाल सबसे जरूरी हैं, और आंगनबाड़ी केंद्र इन्हें पूरी जिम्मेदारी के साथ निभा रहे हैं।

# पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को मिला नया चेहरा चित्रकूट में सपा ने भरी राजनीतिक हुंकार



सुजीत कुशवाहा की ताजपोशी करते समाजवादी नेता

**चित्रकूट।** दिनांक 31 जनवरी को समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के नव मनोनीत प्रदेश सचिव सुजीत कुशवाहा का चित्रकूट में माला पहनाकर जोरदार और उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। गौरतलब है कि सुजीत कुशवाहा पूर्व में चित्रकूट सदर विधानसभा के विधानसभा महासचिव रह चुके हैं और पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष माता प्रसाद कुशवाहा के पुत्र हैं। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने कहा कि सुजीत कुशवाहा के प्रदेश सचिव बनने से पार्टी को नई ऊर्जा और संगठनात्मक मजबूती मिलेगी तथा वे पीडीए समाज के हक और हुकूक की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि बीते नौ वर्षों में चित्रकूट विकास के मामले में पिछड़ गया है, जिले में भ्रष्टाचार चरम पर है, बेरोजगारी और गरीबी के चलते नौजवान सूरत और दिल्ली पलायन को मजबूर हैं, जबकि अपराध बेलगाम हो चुका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार के इंजन और डिब्बे आपस में ही टकरा रहे हैं। कार्यक्रम में बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मानसिंह पटेल, छात्र सभा जिला अध्यक्ष रोहित यादव, पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष रमेश चंद शास्त्री, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष रामकिशोर कुरील सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक टेक्नीशियन से जूझते अस्पताल को मिली बड़ी राहत, 24 घंटे एक्स-रे सेवा की तैयारी

- 80 हजार एक्स-रे का दबाव
- चार नए एक्स-रे टेक्नीशियन की होगी तैनाती

**चित्रकूट।** जिला संयुक्त चिकित्सालय चित्रकूट में एक्स-रे टेक्नीशियन की भारी कमी और ओपीडी में लगातार बढ़ती रोगियों की संख्या को देखते हुए जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने एक दूरदर्शी और जनहितकारी निर्णय लिया है। अस्पताल में अब तक मात्र एक ही एक्स-रे टेक्नीशियन तैनात था, जिसके चलते रोगियों को जांच के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता था। आंकड़े भी इस दबाव की गवाही देते हैं- जनवरी 2024 से दिसंबर 2024 तक 39,453 तथा जनवरी 2025 से दिसंबर 2025 तक 40,556 एक्स-रे किए गए, यानी कुल 80,009 जांचें। वर्तमान में प्रतिदिन औसतन 250 एक्स-रे हो रहे हैं, जिनमें करीब पांच मेडिको-लीगल एक्स-रे भी शामिल हैं। इस बढ़ते बोझ और रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने आउटसोर्सिंग संस्था के माध्यम से चार अतिरिक्त एक्स-रे टेक्नीशियन को संविदा पर रखने की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के अनुसार इनके कार्यभार ग्रहण करते ही अस्पताल में 24 घंटे एक्स-रे सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी। एक वर्ष की अवधि के लिए मानदेय आधार पर की जा रही यह तैनाती शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं देने की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।

# मतदाता सूची शुद्धिकरण का एलान, एसआईआर से घबराए घुसपैठिए : प्रकाश पाल

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** भाजपा चित्रकूट द्वारा एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) अभियान को जन-आंदोलन का रूप देते हुए 236 विधानसभा क्षेत्र के बूथों में सघन अभियान चलाया गया, जिसमें कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष आदरणीय प्रकाश पाल, जिला प्रवासी सुनील पाठक, जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र एवं पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि एसआईआर केवल एक अभियान नहीं बल्कि राष्ट्रहित का संकल्प है-सिर्फ इंडियन रहेंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट यानी थ्री डी भाजपा का संकल्प है और मतदाता सूची का शुद्धिकरण ही इसका मूल उद्देश्य है। उन्होंने दावा किया कि एसआईआर से घुसपैठिए लुंगी उठाकर भाग रहे हैं और जो कागज न दिखाने की बात करते थे, अब उनके भी दस्तावेजों की जांच होगी। जिला प्रवासी सुनील पाठक ने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि 18 वर्ष पूर्ण कर चुके प्रत्येक युवा को मतदाता बनाएं और छूटे हुए नामों को हर हाल में जोड़ें। जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि कार्यकर्ताओं के संकल्प से यह अभियान शत-प्रतिशत सफल होगा। कार्यक्रम में चन्द्र प्रकाश खरे, पंकज अग्रवाल, बृजेश पांडेय, रवि गुप्ता, श्रवण पटेल सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बांग्लादेश का नया ड्रामा शुरू, भारत से तोड़ेगा सबसे बड़ा समझौता



**बांग्लादेश**

**12 फरवरी** के आम चुनाव से ठीक पहले बांग्लादेश में भारत विरोधी माहौल अचानक से गरमा गया है। भी बॉयकॉट इंडिया कभी अडानी पावर पर जांच तो कभी भारत से बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट छीना गया। ऐसे में सवाल यह है कि क्या बांग्लादेश भारत के साथ 25 साल का पावर कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने की तैयारी में है या फिर यह सब चुनाव से पहले जनता का ध्यान भटकाने की नीति है? दरअसल, इस समय बांग्लादेश की राजनीति पूरी तरह उथल-पुथल में है। अगस्त 2025 के जन आंदोलन के बाद शेख हसीना की सरकार सत्ता से बाहर हो गई। नई सत्ता व्यवस्था आई और चुनावी माहौल बन गया और इसी बीच भारत को टारगेट बनाना शुरू कर दिया गया। शेख हसीना को भारत का करीबी माना जाता था। उनके कार्यकाल में ही भारत बांग्लादेश के बीच कई बड़े समझौते हुए। चाहे वो पावर डील हो, इंडस्ट्रियल जोन हो या फिर इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट। अब नई सत्ता के लिए सबसे आसान रास्ता है पुराने समझौतों को देश के खिलाफ बता देना।

बांग्लादेश सरकार की एक उच्च स्तरीय जांच समिति जिसका नाम एनआरसी है। उसने इस डील पर बेहद गंभीर आरोप लगाए। आरोप क्या है? यह भी जान लीजिए। आरोप यह है कि डील में भारतीय अनियमितताएं हैं। बिजली की कीमत जरूरत से करीब 50% ज्यादा है। हर साल करोड़ डॉलर का नुकसान है। कॉर्पोरेट टैक्स का बोझ भी बांग्लादेश पर है। एनआरसी का दावा है कि यह सिर्फ गलत फैसले नहीं बल्कि सिस्टमैटिक मिलीभगत का मामला हो सकता है। अब फैक्ट समझना भी जरूरी है क्योंकि झारखंड के गोडा में अडानी का कोयला आधारित पावर प्लांट है। लागत करीब $ अरब डॉलर है। 2024 से पूरी तरह चालू है। बांग्लादेश की कुल बिजली की जरूरत 7 से 10% सप्लाई की है। बांग्लादेश की आबादी भी 17 करोड़ है। लगभग कुल बेस लोड मांग 13 गीगावाट का है। यानी सप्लाई अहम है। लेकिन सवाल उठ रहा है कीमत पर। एनआरसी रिपोर्ट के अनुसार अडानी से ली जा रही बिजली प्रति यूनिट 4 से 5 सेंट महंगी है।

इस 25 साल के कॉन्ट्रैक्ट में बांग्लादेश हर साल अडानी को करीब $1 अरब डॉलर देता है। सिर्फ 2024-25 में बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड को 4.13 अरब डॉलर का घाटा हुआ है। सबसे बड़ा आरोप है कि अडानी ने भारतीय कॉर्पोरेट टैक्स भी टेरिफ में जोड़ दिया है।

जांच समिति ने कहा अडानी की कीमत अपने सबसे नजदीकी प्राइवेट कंपटीटर से भी 39.7% ज्यादा है। यह डील सभी क्रॉस बॉर्डर पावर डील्स में आउट लॉयर बताई गई है। कोयले की कीमत भी जरूरत से ज्यादा दिखाई गई है जिससे टेरिफ और बढ़ा है। अडानी पावर ने हालांकि इसका जवाब देते हुए साफ कहा कि रिपोर्ट की कॉपी अभी तक नहीं मिली है। जांच में कंपनी से कोई सलाह नहीं ली गई थी।

## पाकिस्तान की सेना में बड़ा बदलाव किया जा रहा है: आसिम मुनीर



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तानी** रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान की सेना कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव से गुजर रही है। मुनीर ने दोहराया कि वे देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर तरह के खतरों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

सेना द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मुनीर ने बहावलपुर छावनी के दौरे के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इस दौरान उन्हें कोर के विभिन्न परिचालन, प्रशिक्षण और प्रशासनिक पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें बहु-आयामी युद्ध की तैयारियों पर विशेष ध्यान दिया गया। सैनिकों को संबोधित करते हुए मुनीर ने उनके उच्च मनोबल, पेशेवर दक्षता और परिचालन तत्परता की सराहना की। पाकिस्तानी सेना के भी प्रमुख मुनीर ने इस बात की पुष्टि की कि सशस्त्र बल पाकिस्तान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर तरह के खतरों के खिलाफ पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने भविष्य के युद्धक्षेत्र और सुरक्षा चुनौतियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिकतम तत्परता बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

सेना ने कहा, सीडीएफ और सेना प्रमुख ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पाकिस्तानी सशस्त्र बल कई क्षेत्रों में बड़े बदलाव से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, ह्यह्यभविष्य में तकनीकी रणनीति भौतिक सैन्य गतिविधियों का स्थान लेंगी और आक्रामक एवं रक्षात्मक अभियानों को अंजाम देने के तरीके में मौलिक परिवर्तन आएगा।

इसलिए, पाकिस्तानी सशस्त्र बल तेजी से प्रौद्योगिकी को अपना रहे हैं और आत्मसात कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में नवाचार, स्वदेशीकरण और अनुकूलन मूल आधार बने रहेंगे।

मुनीर ने खैरपुर तमेवाली में आयोजित उच्च-तीव्रता वाले मैदानी अभ्यास ह्यदृढ़ संकल्पह्ण का भी अवलोकन किया जिसमें मानवरहित हवाई प्रणाली, उन्नत निगरानी उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण और आधुनिक कमान एवं नियंत्रण तंत्र जैसी विशिष्ट तकनीकों का एकीकरण शामिल था।

## अमेरिका में वेनेजुएला के नागरिकों को मिले कानूनी संरक्षण को समाप्त करना अवैध था

**अमेरिका**

**अमेरिका** की एक संघीय अपीलीय अदालत ने बुधवार को फैसला दिया कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा देश में वेनेजुएला के हजारों नागरिकों को निवास और काम करने की अनुमति देने वाले कानूनी उपायों को समाप्त किया जाना गैरकानूनी था।

यहां नौवीं अमेरिकी सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के तीन न्यायाधीशों की पीठ ने निचली अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा जिसमें कहा गया था कि गृहमंत्री क्रिस्टी नोएम ने वेनेजुएला के लोगों को संरक्षण देने की अस्थायी व्यवस्था को समाप्त करके अपने अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन किया था।

हालांकि, इस फैसले का तत्काल कोई व्यावहारिक



असर नहीं होगा क्योंकि अक्टूबर में अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने अंतिम निर्णय आने तक नोएम के फैसले को प्रभावी रखने की अनुमति दे दी थी। गृह मंत्रालय से फैसले पर ई-मेल भेजकर मांगी गई प्रतिक्रिया का तत्काल कोई जवाब नहीं मिला।

## क्या ट्रंप के खिलाफ बन रहा है नया Global Alliance? EU-Canada ने भारत के साथ की मेगा डील

**अमेरिका**

**जिन** देशों की अर्थव्यवस्थाएं दशकों से अमेरिका पर निर्भर रही हैं, वे व्हाइट हाउस में लगातार अविश्वसनीय और शत्रुतापूर्ण होते जा रहे ट्रंप के साथ कैसे तालमेल बिठा पाएंगे? ट्रंप द्वारा पैदा की गई उथल-पुथल के बीच यह सवाल कई लोगों के लिए अरबों डॉलर का सवाल बना हुआ है। ट्रंप की टकरावपूर्ण कूटनीति और टैरिफ को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने की रणनीति ने सहयोगियों को उनसे दूर कर दिया है। इस सवाल का सटीक जवाब, या कहें करारा जवाब, यूरोप और कनाडा ने इस सप्ताह दिया, जब दोनों ने अपने निर्यात में विविधता लाने के लिए एक अधिक विश्वसनीय और स्थिर साझेदार की ओर रुख किया। उनका पहला पड़ाव भारत था। भारत के साथ "व्यापार का सबसे बड़ा समझौता" करने वाले यूरोपीय संघ (ईयू) के कड़े प्रहार से ट्रंप को करारा झटका लगा है, और अब उन्हें कड़वी सच्चाई का एहसास होना ही चाहिए। उनकी कठोर व्यापारिक नीतियों और दंडात्मक टैरिफ ने वैश्विक आर्थिक गठबंधनों में हो रहे तीव्र बदलाव के बीच अमेरिका को एक असहज स्थिति में डाल दिया है।



दरअसल, भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट की टिप्पणियों से पता चलता है कि अमेरिका अब खुद को तेजी से अलग-थलग महसूस कर रहा था। उन्होंने कोई आक्रामक बयानबाजी नहीं की, बल्कि सिर्फ निराशा व्यक्त की। मुझे यूरोपियन बेहद निराशाजनक लगे। बेसेंट ने सीएनबीसी को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि यूरोपियन हमारे साथ जुड़ने को तैयार नहीं थे... क्योंकि वे यह व्यापार समझौता करना चाहते थे।" ट्रंप के शीर्ष सहयोगी ने यूरोप पर यूक्रेन युद्ध से ऊपर व्यापारिक हितों को रखने का भी आरोप लगाया, जिसमें उन्होंने भारत के रूस के साथ घनिष्ठ संबंधों और रूस से तेल की खरीद का जिक्र किया। हालांकि, बेसेन्ट ने कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज कर दिया है। कोई भी किसी के दबाव में रहना और एक अनिश्चित साझेदार पर निर्भर रहना पसंद नहीं करता। यह अविश्वास और ग्रीनलैंड अधिग्रहण मुद्दे पर ट्रंप की धमकियाँ यूरोपीय संघ के लिए भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का एक प्रमुख कारण प्रतीत होती हैं, जिस पर लगभग दो दशकों से बातचीत चल रही थी। दक्षिण एशियाई भू-राजनीतिक विशेषज्ञ माइकल कुगेलमैन ने ट्वीट किया ट्रम्प फैक्टर ने वर्षों की बातचीत के बाद इस समझौते को अंतिम रूप देने में स्पष्ट रूप से मदद की। यह सिर्फ अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने से कहीं अधिक है।

## बांग्लादेश में भारत के यार्न ने घुसकर किया खेल, युनूस राज में टेक्सटाइल मिल्स बंद

**बांग्लादेश**

**जिस** बांग्लादेश को दुनिया रेडीमेड गारमेंट का हब मानती थी आज उसी बांग्लादेश की टेक्सटाइल और स्प्रिंग इंडस्ट्री पूरी तरह ठप होने की कगार पर है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बांग्लादेश टेक्सटाइल्स मिल्स एसोसिएशन खुद कह रही है कि 1 फरवरी से देश की लगभग सारी स्पिनिंग मिल्स अनिश्चित समय के लिए बंद कर दी जाएंगी और सबसे चौंकाने वाली बात इसके पीछे कहीं ना कहीं भारत की ताकत और रणनीति सबसे बड़ा फैक्टर बनकर उभरी है। पहले जरा बेसिक समझिए। बांग्लादेश की पूरी गारमेंट इंडस्ट्री तीन स्टेप में चलती है। पहला है कपास, दूसरा है यान यानी कि धागा और तीसरा है कपड़े। स्पिनिंग मिल्स ही वो जगह



है जहां कपास से यान बनता है और यही यान आगे चलकर शर्ट, टीशर्ट, पैंट, जैकेट में बदलता है।

सीधी भाषा में कहें तो अगर स्पिनिंग मिल्स रुकी तो पूरी गारमेंट इंडस्ट्री अपने आप लड़खड़ा जाती है और आज बांग्लादेश ठीक उसी मोड़ पर खड़ा है। अब सवाल उठता है इतनी बड़ी इंडस्ट्री अचानक इस हालात में कैसे पहुंच गई? इसका जवाब छुपा है बांग्लादेश सरकार की उन नीतियों में जिन्हें कुछ महीनों पहले तक मोहम्मद यूनुस की जादुई स्ट्रेटजी बताया जा रहा था। लेकिन आज वही नीतियां इंडस्ट्री के लिए सिरदर्द बन चुकी हैं। कुछ महीने पहले बांग्लादेश सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया। रेडीमेड गारमेंट एक्सपोर्ट करने वाली कंपनियों को ड्यूटी फ्री यान इंपोर्ट की इजाजत दे दी गई। मतलब जो कंपनियां कपड़े बनाकर विदेश भेजती हैं, वह बिना टैक्स दिए बाहर से यान मंगा सकती हैं। सुनने में यह फैसला एक्सपोर्ट बढ़ाने के लिए शानदार लग रहा था, लेकिन यहीं से खेल पूरी तरह पलट गया। अब यहां भारत की एंट्री होती है। भारत दुनिया के सबसे बड़े कॉटन यान प्रोड्यूसर्स में से एक है।

## मस्जिदों से होने लगा ऐलान, भाग रहे मुसलमान, पाकिस्तानियों को 'घर निकाला'

**पाकिस्तान**

**सुबह-सुबह** मस्जिद से ऐलान हुआ कि लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर अपने घरों को खाली कर दें। ऐसा होने की देर थी कि खैबर पख्तूनखा की तराह वैली में हड़कंप मच गया। जो जितना सामान समेट सकता था समेटा और सुरक्षित जगह की तलाश में निकल पड़ा। भारी बर्फबारी के बीच बच्चों और बुजुर्गों के साथ घर बार छोड़ना कतई आसान नहीं था।

पाकिस्तान में रोना धोना कम ही नहीं होता और अब पाकिस्तान में



मस्जिदों के लाउडस्कर से एक ऐलान हुआ है और मुसलमानों में खलबली मच गई है। आननफानन में लोगों ने जरूरी सामान समेटा और महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों के साथ घर छोड़ दिया। भारी बर्फबारी और हांड कपा देने वाली ठंड में लोग सड़कों पर रात बिताने के लिए मजबूर हैं। लेकिन फरमान आसिम मुनीर की ओर से जारी हुआ है। लिहाजा मानना मजबूरी है। सुबह-सुबह मस्जिद से ऐलान हुआ कि लोग अपने बच्चों और बुजुर्गों को साथ लेकर अपने घरों को खाली कर दें। ऐसा होने की देर थी कि खैबर पख्तूनखा की तराह वैली में हड़कंप मच गया। जो जितना सामान समेट सकता था समेटा और सुरक्षित जगह की तलाश में निकल पड़ा। भारी बर्फबारी के बीच बच्चों और बुजुर्गों के साथ घर बार छोड़ना कतई आसान नहीं था।

लेकिन कोई चारा भी तो नहीं था। फरमान जारी हुआ था तो घर तो छोड़ना ही था। भले ही रास्ते में कितने भी मुश्किलात क्यों ना हो। यह लोग टीटीपी की बात कर रहे हैं। उस मिलिट्री ऑपरेशन की बात कर रहे हैं जो पाकिस्तान टीटीपी के आतंकियों के खिलाफ शुरू करने वाला है। इसी मिलिट्री ऑपरेशन के चलते मुनीर ने तराह घाटी के लोगों को अपना घर बार छोड़ देने का हुक्म सुनाया है। दरअसल टीटीपी ने मुनीर की नाक में दम कर रखा है। जब से अफगानिस्तान के साथ पाकिस्तान के रिश्तों में तल्खी आई है। टीटीपी के आतंकी लगातार पाकिस्तानी सेना को निशाना बना रहे हैं। जिससे बौखलाए मुनीर ने अपनी टीपी के खिलाफ बड़े सैन्य ऑपरेशन का ऐलान कर दिया है। जिसका खामियाजा उसके अपनों को ही भुगतना पड़ रहा है। सिराह वैली के 70,000 से ज्यादा लोगों को भारी बर्फबारी के बीच अपना घर बार छोड़ना पड़ गया है।

टीटीपी ने सिराह घाटी के आसपास अपनी जड़े जमा रखी हैं।

खैबर के इसी इलाके से उसके लड़ाके पाकिस्तानी सेना को आए दिन निशाना बनाते हैं। तिराह घाटी की बात करें तो यह खैबर पख्तूरखा के खैबर जिले में स्थित एक रणनीतिक और संवेदनशील इलाका है। यह घाटी पाकिस्तान, अफगानिस्तान बॉर्डर के बेहद करीब है और ऐतिहासिक रूप से खैबर दर्रे से जुड़ी है। तिराहा घाटी सदियों से सैन्य, व्यापारिक और सामरिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जाती है।

## ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले की धमकी दी। यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करने के बारे में ट्रंप क्या निर्णय लेंगे, क्योंकि उन्होंने दो स्पष्ट लक्ष्मण रेखाएं निर्धारित की हैं- एक, शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्या और दूसरी, हिरासत में लिये गए लोगों को बड़े पैमाने पर फांसी दिए जाने की आशंका।

सामाजिक कार्यकताओं ने बुधवार को बताया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों पर की गई हिंसक कार्रवाई में कम से कम 6,221 लोग मारे गए हैं तथा कई और लोगों के मारे जाने की आशंका है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा, उम्मीद है कि ईरान जल्द ही बातचीत के लिए आगे आएगा और एक निष्पक्ष एवं न्यायसंगत समझौता करेगा, एक ऐसा समझौता जो सभी पक्षों के लिए अच्छा हो।

उन्होंने कहा, समय तेजी से बीत रहा है और यह वाकई बेहद महत्वपूर्ण है। ईरान पर जून में हुए हमलों का जिक्र करते हुए ट्रंप ने लिखा, अगला हमला इससे कहीं ज्यादा खतरनाक होगा।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.:
9565333000

Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# फ्रांस ने निकाल फेंकी अमेरिकी कंपनी, अपनाया स्वदेशी

**फ्रांस**

**फ्रांस** में सांसद कह रहे हैं नाटो छोड़ो ब्रिटेन अमेरिका की डिफेंस कंपनियों की जांच कर रहा है। यूरोप कह रहा है कि हमें यूएस की जरूरत ही क्या है? मतलब साफ है यूरोप अब अमेरिका की छाया से बाहर निकलना चाहता है। दरअसल फ्रांस के अंदर इस समय पार्लियामेंट लेवल पर खुली बहस चल रही है। मांग क्या है? मांग यह है कि एक ऐसा कानून लाया जाए जिससे फ्रांस नाटो से पूरी तरह पुल आउट कर सके। तर्क बेहद सीधा है। हमारी सुरक्षा, हमारी डिफेंस और हमारी रणनीति सब कुछ हम खुद तय करेंगे। अमेरिका नहीं। फ्रांस का कहना है कि हम डिफेंस के मामले में पूरी तरह स्ट्रेटेजिक ऑटोनॉमी चाहते हैं। अब बात सिर्फ नाटो की नहीं रह गई। फ्रांस ने एक्शन लेना शुरू कर दिया है। फ्रांसीसी सेना और डिफेंस कॉम्प्लेक्स से अमेरिकी सॉफ्टवेयर हटाए गए। द्रू१ङ्गरङ्गा३ और अन्य यूएस टेक कंपनियां सरकारी संस्थानों से बाहर कर दिए गए। उनकी जगह फ्रेंच इंडीजीनियस सॉफ्टवेयर लगाए गए। मतलब जो काम भारत डिजिटल संप्रभुता के नाम पर कर रहा था वही अब यूरोप भी कर रहा है। अब आइए ब्रिटेन व ब्रिटेन ने भी अमेरिका को सीधा संदेश दे दिया है। अमेरिकी डिफेंस सॉफ्टवेयर कंपनी पैंटर जिसे हाल ही में बड़े कांटेक्ट मिले थे।

यूएस पार्लियामेंट की ऑल पार्टी कमेटी इन कांटेक्ट्स की जांच कर रही है। सिर्फ एक ही सॉफ्टवेयर नहीं अमेरिका से खरीदे गए हथियार, डिफेंस सिस्टम सब पर जांच शुरू हो चुकी है। रिपोर्ट कहती



है कि आने वाले समय में कई कॉन्ट्रैक्ट कैंसिल हो सकते हैं। अब सबसे बड़ा और सबसे खतरनाक मुद्दा पूरे यूरोप में चर्चा चल रही है। नाटो खत्म करो, यूरोपियन आर्मी बनाओ। तर्क क्या है? तर्क यह है कि फ्रांस के पास न्यूक्लियर वेपन है, ब्रिटेन के पास न्यूक्लियर वेपन है। इसके अलावा यूरोप के पास न्यूक्लियर सबमरींस है, एडवांस एयरफोर्स है और वर्ल्ड क्लास आर्म कंपनीज हैं। तो सवाल उठ रहा है कि हमें अमेरिका की जरूरत ही क्या है? यूरोप कह रहा है कि हम अपनी सुरक्षा खुद कर सकते हैं। अमेरिकी फौजों को अपने देश से बाहर करो। अमेरिका कितना घबराया गया है। नाटो चीफ मार्क रूटे का बयान आया। यूरोप अमेरिका के बिना कुछ नहीं कर सकता है। यूरोप अपनी सुरक्षा खुद तय कर सकता है।

मतलब 70 से 80 साल पुराना डर फिर से दिखाया जा रहा है। अमेरिका के बिना तुम असहाय हो। यह कहना है मार्क लूटे का। इसके अलावा उन्होंने कहा नाटो से बाहर मत निकलना। यूरोपियन आर्मी सिर्फ सपना है। और अब सुनिए फ्रांस का जवाब नाटो चीफ को। फ्रांस ने कहा यूरोप हजारों साल पुरानी सभ्यता है। नाटो कुछ दशकों पुरान संगठन है। फ्रांस ने नाटो को 1966 की याद दिलाई। 1966 से 2009 तक 43 साल फ्रांस नाटो से बाहर रहा।

उस समय सोवरन यूनियन था। कोल्ड वॉर चरम पर थी। फिर भी फ्रांस ने अपनी सुरक्षा खुद की किसी अमेरिका की जरूरत नहीं पड़ी। फ्रांस ने साफ कहा हमने पहले भी किया है। आगे भी कर सकते हैं और इस बार पूरा यूरोप साथ है। इस पूरे घटनाक्रम की जड़ में एक ही नाम डोनाल्ड ट्रंप है। पिछले एक साल में नाटो को खुलेआम धमकाया ट्रंप ने।